www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 29 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-78 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

देखा हुआ सपना सपना ही रह जाता है,जब तक व्यक्ति अपना पसीना नहीं बहाता है।

आज बेबाक

घुंघरू सेठ की महीमा ही निराली है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने से उनका दिमाग सांतवें आसमान पर पहुंच गया है। वे अपनी हरकतों से अध जल गगरी छलकत जाए वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे है। पीएम मोदी ने कोरोना के बढ़ते मामलों और महंगाई के मुद्दे को लेकर देश के सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। सभी मुख्यमंत्रियों ने गंभीरता दिखाई लेकिन अरविंद केजरीवाल कभी आंख मलते रहे, कभी जम्हाई लेते रहे तो कभी सिर के पीछे दोनों हाथ रख कर आराम फरमाते रहे। लगता है वे सुस्तासन कर रहे थे।

सूर्योदय

उदय : 6.45 प्रातः

अस्त : 6.50 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,943,379,440

भारत : 1,405,176,690

बाजार

सेंसेक्स : 57521.06

निफ्टी : 17245.00

गोल्ड : 52,370 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 63,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.41 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	44.1	26.5
बिलासपुर	44.6	25.0
जगदलपुर	38.5	22.3
अंबिकापुर	42.0	24.6

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस

अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस विश्व स्तर पर हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन नृत्य के महत्व और प्रभुता को मनाता है और इस कला के रूप में कार्यक्रमों और त्योहारों के माध्यम से भागीदारी और शिक्षा को प्रोत्साहित करता है। 29 अप्रैल का दिन इसीलिए चुना गया क्योंकि इसमें जीन-जॉर्जेस नोवरे (1727-1810) की जयंती है, जिन्हें आधुनिक बैले के निर्माता के रूप में जाना जाता है। यह दिन 1982 में यूनेस्को की प्रदर्शन कलाओं के लिए मुख्य भागीदार इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट की डांस कमेटी द्वारा बनाया गया था। इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट की स्थापना 1948 में हुई है। इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट का मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में स्थित है।

जब औद्योगिक क्षेत्र बनते थे तब मौलिक सुविधाओं का अभाव होता था : भूपेश

छत्तीसगढ़ में रेल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना से औद्योगिक गतिविधियों में तेजी से होगा विस्तार

भिलाई/नवप्रदेश। प्रदेश में औद्योगिक परिदृश्य को बेहतर करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार ने अब तक 167 एमओयू किए हैं। इन के माध्यम से 78 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रदेश में प्रस्तावित है, इनमें 90 इकाईयों को लगाने की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित हथखोज में नवनिर्मित रेल इंडस्ट्रियल पार्क एवं भारी एवं हल्का ओद्योगिक क्षेत्र भिलाई में निर्मित अधोसंरचनाओं के लोकार्पण के अवसर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब औद्योगिक क्षेत्र बनते थे तब मौलिक सुविधाओं का अभाव होता था और इसके लिए काफी कोशिश

करनी होती थी। आज रेल पार्क की अधोसंरचना देखी। सारी सुविधा यहां मौजूद है। यहां जल्द ही यूनिट्स लग जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न उद्योगों के माध्यम से प्रदेश में 19 हजार 550 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है जिसके माध्यम से 33 हजार लोगों को रोजगार मिला है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है और इसकी संभावनाओं को देखते हुए हमने फूड प्रोसेसिंग यूनिट पर विशेष जोर दिया। खाद्य एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में 478 इकाईयों के माध्यम से 1167 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिससे 6000 लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेल इंडस्ट्रियल पार्क लगने के पश्चात यहां पर औद्योगिक गतिविधियों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुप है पर निष्क्रिय नहीं कांग्रेस

3 दिन में तीन राज्यों में बदलाव, कितना होगा असर

नई दिल्ली (ए.)। प्रशांत किशोर के साथ बातचीत फेल होने के बाद से कांग्रेस पर आरोप लग रहे हैं कि वह यथास्थिति में ही रहना चाहती है और बदलाव के लिए तैयार नहीं है। हालांकि बीते दिनों के घटनाक्रम पर नजर डालें तो ऐसा नहीं लगता। हिमाचल प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश तक पार्टी हाईकमान ने तीन दिनों में तीन राज्यों में बदलाव कर दिए हैं। इसके अलावा कुछ दिन पहले ही पंजाब में नए प्रदेश अध्यक्ष को चुना गया है और सुनील जाखड़ एवं केवी थॉमस जैसे नेताओं पर कड़ा अनुशासनात्मक ऐक्शन लिया गया है। मंगलवार शाम को कांग्रेस हाईकमान ने हिमाचल प्रदेश में प्रतिभा सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का ऐलान किया था। इसके अलावा उनके साथ 4

अनुशासन भी कायम करने का हो रहा प्रयास

एक तरफ राज्यों की यूनिट में बदलाव को लेकर कांग्रेस हाईकमान सक्रिय दिख रहा है तो वहीं अनुशासन का डंडा भी अब चलता दिख रहा है। पंजाब के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। इसके अलावा केरल के सीनियर नेता केवी थॉमस पर भी यही कार्रवाई की गई है। इससे कांग्रेस ने यह संकेत दिया है कि कितना भी बड़ा नेता हो, यदि वह पार्टी लाइन के खिलाफ जाता है तो फिर उसके खिलाफ एक्शन लेने में हिचक नहीं दिखाई जाएगी।

कार्यकारी अध्यक्षों के भी नाम घोषित किए गए हैं। उसके अगले ही दिन बुधवार को हरियाणा में लंबे वक्त से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कमलनाथ ने मध्य प्रदेश के नेता विपक्ष के पद से दिया इस्तीफा

■ सोनिया गांधी ने गोविंद सिंह को दी कमान

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने चुनाव से पहले बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वरिष्ठ विधायक डॉ. गोविंद सिंह को यह पद सौंप दिया है। गोविंद सिंह सात बार से विधायक हैं। लंबे समय से उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के लिए मांग चल रही थी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुल वासनिक के हस्ताक्षर से आज डॉ. गोविंद सिंह के नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए। इसके मुताबिक कमलनाथ ने इस पद से इस्तीफा दे दिया है जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

बने रहेंगे प्रदेश अध्यक्ष

वासनिक ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में कमलनाथ के योगदान की सराहना की है। डॉ. गोविंद सिंह के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के मध्य प्रदेश कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने ली छत्तीसगढ़ी में शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विधानसभा के नवीन समिति कक्ष में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक यशोदा वर्मा को छत्तीसगढ़ी भाषा में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सीएम भूपेश बघेल ने यशोदा को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पूर्वोत्तर के कई इलाकों से हटा अफस्पा : मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र से अफस्पा को पूरी तरह हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां एक ''शांति, एकता और विकास'' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति में सुधार आने के बाद हटाया जा सका है। पहले इन इलाकों में बम और गोलियां गूंजती थी और अब तालियां गूंजती हैं। गौरतलब है कि केंद्र ने नगालैंड, असम और मणिपुर में अफस्पा के तहत आने वाले प्रभावित इलाकों को दशकों बाद एक अप्रैल से कम करने की घोषणा की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को असम के दीफू से एक रैली को

संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 'डबल इंजन' सरकार का प्रभाव असम में स्थायी शांति और तेज गति से विकास के लौटने से दिखायी देता है।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने असम के कार्बी आंगलोंग और त्रिपुरा में शांति समझौते किए हैं जबकि पूरे क्षेत्र में स्थायी शांति लाने एवं तेज गति से विकास करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कार्बी आंगलोंग में पशु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब 'पायलट' बनकर ही मानेंगे सचिन

जयपुर (ए.)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 से पहले राजस्थान में सियासी हलचल तेज हो गई है। सूत्रों का दावा है कि कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोनिया गांधी से मुलाकात अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि सचिन पायलट ने पिछले दिनों गांधी परिवार के साथ तीन बैठकें की है। बताया जाता है कि इस दौरान पायलट ने कांग्रेस आलाकमान से कहाकि गहलोत को हटाने में देर करने पर राजस्थान में पंजाब जैसी स्थिति हो जाएगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि सचिन पायलट ने सोनिया से खुद को सीएम बनाने की मांग भी की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सचिन पायलट ने नई दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि सचिन पायलट ने सोनिया गांधी से साफशब्दों में कह दिया कि यदि राजस्थान में कांग्रेस सरकार रिपीट करनी है तो अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाना ही होगा।

पीके की वजह से कांग्रेस से नाराज थे हार्दिक!

अहमदाबाद। बीते कुछ दिनों से हार्दिक पटेल के अंदाज से कयास लगाए जा रहे थे कि वह कांग्रेस हाई कमान से नाराज चल रहे हैं। हालांकि अपने पिता की पुण्य तिथि पर उन्होंने जो बातें कहीं उससे लगता है कि पार्टी हाई कमान के साथ चल रही तनातनी कम हो गई है। हार्दिक के पिता की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में गुजरात कांग्रेस इनचार्ज रघु शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि 2022 में राज्य में सरकार बनाएं और हार्दिक पटेल को इसमें अहम भूमिका निभानी है। हार्दिक पटेल ने कहा था कि उन्हें कांग्रेस में साइडलाइन कर दिया गया है। हालांकि इसके लिए उन्होंने स्टेट यूनिट को जिम्मेदार ठहराया था।

कुपवाड़ा में तीन आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पार से हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन तथा तस्करी में कथित रूप से शामिल तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आतंकवादियों की पहचान कलास के मोहम्मद आमिर, हजित्रा करनाह के निसार अहमद और सुधपोरा करनाह निवासी कफील अहमद के रूप में की है, जिन्हें सीमांत जिले के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया गया है।

राजद्रोह कानून : सुको ने केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली (ए.)। भारत में राजद्रोह एक गैर-जमानती अपराध है. राजद्रोह कानून के तहत सजा तीन साल से लेकर आजीवन कारावास और जुर्माना तक हो सकती है. कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट पांच मई को सुनवाई करेगा. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह राजद्रोह कानून (124ए) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पांच मई को अंतिम सुनवाई करेगा. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की

अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की है. चीफ जस्टिस ने कहा कि इस मामले की सुनवाई में अब कोई स्थगन नहीं होगा. इस पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

350 करोड़ की अफगान हेरोइन के साथ अंतरराष्ट्रीय गैंग का भंडाफोड़

■ पंजाब से दिल्ली तक फैला है नेटवर्क

नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 50 किलोग्राम अफगान हेरोइन और 47 किलोग्राम अन्य नशीले पदार्थ समेत 30 लाख की नकदी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गैंग का भंडाफोड़ किया है। एजेंसी ने इस कार्रवाई में दिल्ली के जामिया नगर इलाके से भी एक शख्स को गिरफ्तार किया है। एनसीबी का दावा है कि यह गैंग पंजाब, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड और दिल्ली राज्यों सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र के मादक पदार्थों के तस्करों से जुड़ा हुआ है। एनसीबी के उप महानिदेशक (संचालन) संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को जानकारी दी कि 50 किलो अफगान हेरोइन, 47 किलो अन्य नशीले पदार्थों समेत 30 लाख की नकदी के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी जामिया नगर इलाके से हुई है। एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर और पड़ोसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भीषण और छोटे अभियानों के लिए तैयार रहे वायु सेना : एयरचीफ मार्शल चौधरी

नयी दिल्ली (वार्ता)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए वायु सेना को 'शार्ट नोटिस' पर भीषण और छोटे अभियानों के लिए हमेशा तैयार रहना होगा।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना के 'सैन्य साजो सामान से संबंधित' सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के अभियानों के लिए सैन्य साजो सामान से संबंधित तौर तरीकों में बदलाव किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के परिदृश्य में साजो सामान सहायता प्रदान करना बड़ी चुनौती होगी क्योंकि वायु सेना के पास बेहद विशाल और विविध उपकरण तथा सामान हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के लॉजिस्टिक्स सिस्टम के लिए हमें सेमीनार में वाजिब सवालों का समाधान करना होगा। कलपुर्जों की उपलब्धता को पूरा करने के बारे में उन्होंने कहा कि इसके लिए मांग और भंडारण के तरीकों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

चुनौती... देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में हो रही बढ़ोत्तरी, कई राज्यों में लौटा मॉस्क

देश में शुरू हो चुकी है कोरोना की चौथी लहर

नई दिल्ली। देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में बढ़ोत्तरी होने लगी है। कई राज्यों ने मास्क को फिर से अनिवार्य कर दिया है। इस बीच एक चौंकाने वाला सर्वे आया है। सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 34त्न भारतीयों ने माना है कि देश में कोरोना की चौथी लहर अप्रैल में ही शुरू हो चुकी है। यानि तीन में से हर एक भारतीय का कहना है कि चौथी लहर आ चुकी है। जबकि बाकी 66 प्रतिशत लोगों का मानना है कि अभी चौथी लहर आने में वक्त है। मतलब यह हुआ कि 3 में से 2 भारतीय ने कहा है कि चौथी लहर इस साल तक आ भी सकती है और नहीं भी। पढ़िए कोरोना की चौथी लहर पर लोगों की राय...

देश में कोरोना की चौथी लहर की आशंका के बीच एक बार कोरोना केसों में उछाल देखने को मिला है। गुरुवार को नए केस 3000 पार कर गए और अब एक्टिव मरीजों की संख्या 17 हजार पार हो गई है। राजधानी दिल्ली में कोरोना केस लगातार 1000 पार कर रहे हैं। देश में लगातार बढ़ रहे कोरोना केसों के मद्देनजर राज्य सरकारों ने मास्क और सोशल डिस्टेसिंग को एक बार फिर अनिवार्य कर दिया है। उधर, केंद्र सरकार भी बढ़ते कोरोना केसों को लेकर चिंतित है। बीते रोज पीएम मोदी ने राज्य सरकारों से बातचीत करके कोरोना केसों की रोकथाम पर चर्चा की थी।

इस बीच सामुदायिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोकलसर्किल द्वारा सर्वेक्षण किया गया। देश के 341 जिलों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डराने लगी कोरोना की रफ्तार!

देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों की रफ्तार चिंताओं को बढ़ाने लगी है। एक समय हर दिन मिलने वाले नए केसों की संख्या 1,000 के करीब ही रह गई थी, लेकिन अब इसमें बड़ा इजाफा हुआ है और आंकड़ा 3,000 के पार पहुंच गया है। गुरुवार को सामने आए आंकड़ों के मुताबिक बीते एक दिन में देश भर में 3,303 नए केस मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव केसों की संख्या भी 17 हजार के करीब पहुंच गई है। फिलहाल देश में कुल सक्रिय मामले 16,980 हैं। चिंता की बात यह है कि दिल्ली समेत एनसीआर के शहरों में ही देश के आधे मामले मिल रहे हैं। बुधवार को दिल्ली में 1,367 नए केस मिले थे, जबकि मंगलवार को यह आंकड़ा 1,204 ही था। इसके अलावा गुरुग्राम, नोएडा जैसे शहरों में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। चौथी लहर के डर के बीच अब यह चिंता भी सताने लगी है कि क्या इस बार महाराष्ट्र या केरल की बजाय एनसीआर कोरोना के नए केसों का हॉटस्पॉट बन जाएगा। कोरोना केसों की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे ऐसा ही लगता है। दरअसल बीते कुछ दिनों में नए केसों में इजाफा हुआ है, जबकि उसके मुकाबले हर दिन रिकवर होने वाले लोगों की संख्या कम है। नए केसों के मुकाबले कम हो रही रिकवर होने वालों की संख्या इसके चलते भी कोरोना के केसों में बढ़ोतरी हो रही है।

संपादकीय

केजरीवाल और ममता की अशिष्टता

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ने से इसकी चौथी लहर आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। जिसमें उन्होने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायो की चर्चा की और महंगाई पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जहां सभी मुख्यमंत्री पूरी गंभरीता दिखा रहे थे वहीं नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अशिष्टता का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के दौरान जहां ममता बेनर्जी अपने मोबाईल पर लगी रही वहीं नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कभी आंखे मलते थे तो कभी जम्हाई लेने लगते थे और कभी अपने दोनों हाथ पीछे लेजाकर अपनी कुर्सी पर पसर जाते थे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान उनकी यह भावभंगीमा यही दर्शाति है कि वे कोरोना और महंगाई को लेकर कितने चिंतित है। यदि इन नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुनना ही नहीं था तो इन्हे वर्चुअल बैठक में भाग ही नहीं लेना था। ये वहीं अरविंद केजरीवाल है जिनकी सरकार के निकम्मेपन के कारण कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान दिल्ली में हाहाकार मच गया था। महाराष्ट्र के बाद नई दिल्ली ऐसा दुसरा राज्य था जहां कोरोना ने सर्वाधिक कहर ढाया था। केजरीवाल सरकार की आपराधिक लापरवाही के चलते अनेक कोरोना संक्रमितों की मौत भी हो गई थी लेकिन उन्होने अपनी सरकार की नाकामी का ठीकरा केन्द्र सरकार पर फोड़ दिया था। उनके कथित मोहल्ला क्लिनिक कोरोना काल में सफेद हाथी सिद्ध हुए थे। यही वजह है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मोर्चा संभालना पड़ा था तक कहीं जाकर नई दिल्ली के बेकाबू हुए हालातों पर काबू पाया जा सका था। अरविंद केजरीवाल हो या ममता बेनर्जी उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से या भाजपा से जो भी मतभेद हो लेकिन राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दे को उन्हे गंभीरता से लेना चाहिए। बंगाल में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गए थे तब उनके कार्यक्रम का ममता बेनर्जी ने एक तरह से बहिष्कार ही कर दिया था। वे कुछ मिनटों के लिए ही मंच पर पहुंची थी और अपनी व्यस्तता का बहाना कर वहां से निकल गई थी। इसी तरह अरविंद केजरीवाल भी इसके पहले भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल बैठक में इसी तरह की उदासीनता दिखा चुके है। ऐसे नेताओं को यह समझना चाहिए कि कोरोना हो या बढ़ती महंगाई ये विकट समस्या है और इससे निपटने के लिए उन्हे दलगत भावना से ऊपर उठकर एकजुटता दिखानी चाहिए।

लघुकथा

समान नागरिक संहिता की असमान राह

भारत में राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता के लिए समान नागरिक संहिता की जरूरत बताई जाती है। मगर किसी भी समाज के रीति-रिवाजों को बदलने के लिए सत्ता-प्रतिष्ठान की अपनी साख मजबूत होनी चाहिए, क्योंकि विवाह की व्यवस्था समाज की जिम्मेदारी रही है और इसमें सत्ता-प्रतिष्ठान का दखल संदेह पैदा करता है। भारत भी अपवाद नहीं है। भारतीय संविधान में अनुच्छेद 25 से 28 तक जो धार्मिक स्वतंत्रता का आश्वासन मिला हुआ है, वह अनुच्छेद 45 में निर्देशित समान नागारिक कानून व्यवस्था के निर्माण की जिम्मेदारी से टकराता है। यहां हमें यह भी याद रखना चाहिए कि 1954 में जब हिंदू सामाजिक कानूनों में सुधार के लिए जवाहरलाल नेहरू के समर्थन से कानून मंत्री बाबा साहब आंबेडकर ने प्रस्ताव रखा, तो कट्टरपंथी हिंदुओं जैसा असंतोष खुद कांग्रेस में फैल गया। फिर, 1956 में इस प्रयास को चार टुकड़ों में बांटकर पेश किया गया और हिंदू विवाह व संपत्ति में हिस्सेदारी आदि सवालों का कुछ समाधान निकल सका। देखा जाए, तो इस तरह के बदलावों के लिए विदेशी शासन ज्यादा सक्षम रहे हैं। इसीलिए, 1856 में विधवा विवाह की अनुमति मिल सकी और 1928 में हिंदू त्ररयों को पति की संपत्ति में हिस्सेदारी संबंधी कानून बन सके। ब्रिटिश शासन के दौरान ही 1937 में शरिया कानून लागू किया गया।

हमें यह भी मालूम होना चाहिए कि भारत का गोवा ऐसा प्रदेश है, जहां समान नागरिक संहिता पुर्तगाली राज के समय से ही लागू है। गोवा भारत के अन्य राज्यों की तरह बहुधर्मी है, लेकिन वहां के हिंदुओं, मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों आदि में समान नागरिक संहिता को लेकर कोई विवाद नहीं है। तो क्या पूरे भारत को गोवा के रास्ते पर चलकर समान नागरिक संहिता लागू कर देनी चाहिए? इसके बरक्स यह याद दिलाया जाता है कि भारत में 1954 से ही विशेष विवाह कानून (स्पेशल मैरिज ऐक्ट) उपलब्ध है, जिसके तहत बिना धार्मिक परंपराओं और बंधनों के दो वयस्क स्त्री-पुरुष विवाह कर सकते हैं। और ऐसे विवाहों को सरकार की मान्यता भी हासिल है।

असल में, मुसलमानों के विवाह कानूनों को लेकर हमारे देश में 1937 से ही विवाद रहे हैं। पुरुष प्रधान व्यवस्था को इसका दोषी माना गया है। पति द्वारा तत्काल तलाक देने की व्यवस्था के कारण पत्नी पूरी जिंदगी आतंक और अनिश्चय में जीने को विवश होती है। तलाक नहीं देने पर भी पति एक पत्नी के रहते हुए और शादियों का धर्मसम्मत अधिकार रखता है। तलाकशुदा स्त्री को गुजारा भत्ता देना एक मानवीय जिम्मेदारी कही जा सकती है, लेकिन शरिया कानून में इसे स्पष्ट शब्दों में मना किया गया है। इस पुरुष प्रधान विवाह व्यवस्था पर विशेष ध्यान आजादी के बाद सन 1985 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शाह बानो नाम की 72 वर्षीय महिला की फरियाद पर दिए गए फैसले के बाद गया।

कश्मीर में शुरू हुआ एक नया दौर

डॉ. श्रीनाथ सहाय

प्रधानमंत्री द्वारा कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने और यूएई प्रतिनिधिमंडल के दौरे से स्थानीय राजनीतिक दलों को भी आगामी चुनाव में लोगों का समर्थन पाने के लिए अपने रुख में बदलाव लाने को मजबूर होना पड़ेगा। पाकिस्तान जानता है कि वह कश्मीर में विफल हो रहा है। उसकी हताशा तब दिखी, जब उसने प्रधानमंत्री की रैली को बाधित करने के लिए आतंकियों की घुसपैठ कराई। आशंका है कि हताशा में पाकिस्तानी सेना घाटी में निर्दोष लोगों पर हमले करने की कोशिश करेगी, ताकि यह दिखाया जा सके कि उनके पास अब भी समर्थन है। सरकार द्वारा शुरू की गई जन हितैषी परियोजनाएं इस क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगी। इस केंद्र शासित प्रदेश के लिए निवेश योजनाएं शुरू हो गई हैं और इन्हें रोका नहीं जा सकता, चाहे आगामी चुनावों में कोई भी सरकार सत्ता में आए। कश्मीर का विकास जारी रहेगा, और इसके सुरक्षा परिदृश्य में सुधार होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पंचायती राज दिवस' को इस बार सांबा, जम्मू की पल्ली पंचायत में मनाया। प्रधानमंत्री ने समूचे जम्मू-कश्मीर को संबोधित किया। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र अपनी जड़ों तक पहुंच गया है। वहां पहली बार पंचायती राज, अपने संपूर्ण संदर्भों के साथ, स्थापित हुआ है। जम्मू-कश्मीर में 30,000 से ज्यादा जन-प्रतिनिधि पंचायतों में चुनकर आए हैं। जानकारों के माने तो जम्मू-कश्मीर पर पीएम मोदी की शुरू से ही पैनी नजर रही है। वे अनुच्छेद 370 की समाप्ति से पहले वहां के हालात से वाकिफहैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। सुरक्षा का परिदृश्य भी काफी हद तक बदल चुका है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने और केंद्र शासित प्रदेश का विशेष दर्जा रद्द किए जाने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री का यह दौरा था।

अब जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र के साथ विकास की संभावनाएं साफतौर पर दिखाई दे रही हैं। यह संघशासित क्षेत्र आगामी 25 सालों में विकास की नई गाथा लिखेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। धरती के स्वर्ग में धारा 370 हटने के बाद काफी कुछ बदला है। पर्यटन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की जा रही है, एक रिपोर्ट के अनुसार अगली गर्मियों तक सभी बुकिंग हो चुकी हैं। उम्मीद है कि लाखों सैलानी कश्मीर जाएंगे, तो वहां का कारोबार भी चमकेगा और राजस्व भी हासिल होगा। ऐसे बदलते कश्मीर में प्रधानमंत्री ने 20,000 करोड़ रुपए की सौगातें दी हैं। शिलान्यास के साथ शुभारंभ भी किए गए हैं। बेहद महत्त्वपूर्ण बनिहाल-काजीगुंड सुरंग का उद्घाटन किया गया, जिससे जम्मू और श्रीनगर की दूरी करीब 2 घंटे कम हो जाएगी। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला को लिंक करने वाला ऑर्क ब्रिज भी जल्द ही देश को मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, तो 7500 करोड़ रुपए की लागत वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे का भी शिलान्यास किया। इससे मां वैष्णो देवी के धाम तक पहुंचने में सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि बहुत जल्द कन्याकुमारी की देवी को वैष्णो देवी धाम से जोड़ा जाएगा। देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है, तो

लोकतंत्र का एक और निर्णायक अध्याय आरंभ होगा। जम्मू-कश्मीर की विधानसभा बहाल होगी। राज्य शेष भारत के कानूनों से जुड़ चुका है और मुख्यधारा से जुड़ने की गति विधानसभा बनने के बाद शुरू होगी। प्रधानमंत्री के इस देशव्यापी आयोजन के अर्थ राजनीतिक भी हैं, लेकिन उसे भी लोकतंत्र से ही जोड़ा जाएगा। बेशक कश्मीर का चेहरा बदलना है। अब वह कश्मीर नहीं चाहिए, जिसे भारत-विरोधी बना रखा गया था। दो-दो ध्वज थे और केंद्रीय कानूनों को लागू नहीं किया जा सकता था। अनुच्छेद मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से न केवल देश में आतंकी मामलों और हिंसा की घटनाओं में कमी आई है, बल्कि जम्मू-कश्मीर में रोजगार सृजन के लिए निवेश प्रस्तावों में भी तेजी आई है। पिछले एक साल में 52,155 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं।

75 'अमृत सरोवर' बनाए जाएंगे। उनके जरिए स्वतंत्रता सेनानियों और 'क्रांतिवीर शहीदों' के परिवारों को जोड़ा जाएगा। सांबा में 108 जन औषधि केंद्रों की शुरुआत की जाएगी, ताकि आम आदमी को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकें। नए कश्मीर में नए निवेश की घोषणा स्पष्ट संकेत है कि निजी कंपनियां निवेश कर रही हैं। प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त अरब अमीरात के बिजनेस लीडर भी मौजूद थे। वे जम्मू-कश्मीर में 3000 करोड़ रुपए का निवेश करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया कि बीते दो सालों में ही 38,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है, जबकि आजादी के बाद सात दशकों के दौरान 17,000 करोड़ रुपए का ही निवेश किया गया था। बहरहाल प्रधानमंत्री ने खासकर युवाओं का आह्वान करते हुए कहा है-'मेरे शब्दों पर भरोसा रखिए। मैं हर तरह की दूरियां मिटाने आया हूं।' प्रधानमंत्री की घोषणाओं और दावों पर उनके राजनीतिक विरोधी संदेह और सवाल कर सकते हैं, लेकिन हम इन्हें नए विकास और नई लोकतांत्रिक धारा की नई शुरुआत मान रहे हैं। परिसीमन की प्रक्रिया भी आखिरी चरण में है। मई की शुरुआत में ही आयोग की रपट आना प्रस्तावित है। उसके बाद विधानसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू होगी। लोकतंत्र का एक और निर्णायक अध्याय आरंभ होगा। जम्मू-कश्मीर की विधानसभा बहाल होगी। राज्य शेष भारत के कानूनों से जुड़ चुका है और मुख्यधारा से जुडने की गति विधानसभा बनने के बाद शुरू होगी। प्रधानमंत्री के इस देशव्यापी आयोजन के अर्थ राजनीतिक भी हैं, लेकिन उसे भी लोकतंत्र से ही जोड़ा जाएगा। बेशक कश्मीर का चेहरा बदलना है। अब वह कश्मीर नहीं चाहिए, जिसे भारत-विरोधी बना रखा गया था। दो-दो ध्वज थे और केंद्रीय कानूनों को लागू नहीं किया जा सकता था। अनुच्छेद मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से न केवल देश में आतंकी मामलों और हिंसा की घटनाओं में कमी आई है, बल्कि जम्मू-कश्मीर में रोजगार सृजन के लिए निवेश प्रस्तावों में भी तेजी आई है। पिछले एक साल में 52,155 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। टीओआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 11 अप्रैल 2022 तक प्राप्त निवेश आवेदन केंद्र शासित प्रदेश में 2.विनत लाख रोजगार के अवसर पैदा करना चाहते हैं। जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों में प्रमुख इकाइयों की स्थापना के लिए मांगी गई कुल 29,0322 कनाल के मुकाबले लगभग 17,970 कनाल भूमि पहले ही आवंटित की जा चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि होटल और रेस्तरां, स्वास्थ्य और सामाजिक कार्य क्षेत्रों ने अकेले कश्मीर में कुल 5,193 करोड़ रुपये का निवेश किया है। स्टील फैब्रिकेशन, मनोरंजन, वेयरहाउसिंग और कोल्ड स्टोरेज, स्पोर्ट्स, इकोटूरिज्म और हस्तशिल्प जैसे अन्य क्षेत्रों के मामले में जम्मू संभाग के लिए कुल 5,146 करोड़ रुपये और कश्मीर के लिए 2,157 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हैं। 3,164 कनाल में, कश्मीर में आवंटित भूमि का अब तक का सबसे बड़ा हिस्सा खाद्य प्रसंस्करण और होटल क्षेत्र के लिए है।

इस बीच आतंकी मोर्चे पर मामलों की संख्या में काफी गिरावट आई है। वर्ष 2018 में रिपोर्ट की गई 417 की तुलना में 2021 में आतंक से संबंधित घटनाओं की संख्या 229 थी, जो पिछले तीन वर्षों में 38 प्रतिशत की गिरावट का संकेत है।

नाम और चेहरे बदले, आतंकी हिंसा के हमले बढ़ते ही रहे

आलोक मेहता

इस बात पर ध्यान नहीं दिया जाता कि सुदूर जंगलों या छद्म कंपनियों - संगठनों के बल पर जुटाए जाने वाले धन और हथियारों के चश्मदीद गवाह या डिजिटल युग में कागज के प्रमाण कैसे उपलब्ध हो सकते हैं ? हाँ , दिल्ली , मुंबई अथवा अन्य क्षेत्रों में हिंसक घटना में गिरफ्तार आरोपियों पर समयबद्ध सीमा के साथ मुक़दमे चलाकर सजा देने के लिए आवश्यक नियम कानून संशोधित हों या नए बनाए जाएं । खासकर जब ऐसे राजनीतिक दलों के नेता जो राज्यों में सत्ता में भी आ जाती हैं , अधिक समस्याएं उत्पन्न करते हैं । वे विधायिका के विशाषाधिकार का उपयोग कर अप्रत्यक्ष रूप से हिंसक आतंकवादी गतिविधियों के आरोपियों को संरक्षण देकर बचाव करते हैं । सबसे दिलचस्प स्थिति पश्चिम बंगाल की है ।

आतंकी हिंसा के रुप दानवी चेहरों की तरह बदलते रहते हैं । गंभीर अपराधों और आतंकवादी गतिविधियों पर कठोर दंड के कानून की रक्षा करने वाली अदालतें आतंकवादी या उसको गुपचुप मदद करने वालों के प्रकरण आने पर पर्याप्त सबूत मांगती हैं । देशी या विदेशी आतंकवादी संगठनों अथवा विदेशी ताकतों से षड्यंत्रपूर्वक गोपनीय ढंग से सहायता मिलने के सबूत जुटाना पुलिस अथवा गुप्तचर एजेंसियों के लिए आसान नहीं होता है । कुछ महीने पहले केरल के कथित पत्रकार सिद्धकी कप्पन पर आतंकवादी हिंसक गतिविधियों में सहायता के आरोपों का प्रकरण सामने आने पर सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमना और न्यायमूर्ति सूर्यकान्त ने भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सवाल किया कि ÷ क्या पॉपुलर फ्रंट ऑफ इण्डिया (पीएफ आई) पर प्रतिबन्ध है ? श्री मेहता ने उत्तर दिया कि ' कुछ राज्यों में इस संगठन पर प्रतिबन्ध है , क्योंकि यह हिंसा , हत्याओं , अपहरण और विदेशी आतंकवादी संगठनों से जुड़ा हुआ है । केंद्र सरकार प्रतिबन्ध पर विचार कर रही है । '

कप्पन की तरह अनेक मामले सामने आते रहे हैं । यह तथ्य है कि एफ आई का जाल अब तक 22 राज्यों में फैला हुआ है । केरल सरकार ने इस पर प्रतिबन्ध भी लगाया था। कर्णाटक सरकार ने हाल ही में अदालत में कहा था कि वह प्रतिबन्ध लगाने पर विचार कर रही है । यों इससे जुड़े सहयोगी संगठन नेशनल विमेंस फ्रंट और कैंपस फ्रंट ऑफ इण्डिया भी देश भर में सक्रिय है । वास्तव में एफ आई पहले प्रतिबंधित सिमी (स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) का नया अवतार है । इस पर हत्या , हथियारों के प्रशिक्षण , अपहरण , भारत विरोधी उग्र आन्दोलनों की फंडिंग, तालिबान और अल कायदा जैसे आतंकवादी संगठनों से सम्बन्ध के गंभीर आरोप रहे हैं । सुरक्षा एजेंसियों ने

अनेक प्रमाण भी सरकार को उपलब्ध करा रखे हैं । इसलिए पिछले दिनों जहांगीरपुरी सांप्रदायिक हिंसा की घटना सामने आने पर संदिग्ध आरोपियों के पी एफ आई से जुड़े होने के कुछ सबूत भी सामने आने पर चिंता होना स्वाभाविक है । इस संगठन की गतिविधियां अब दक्षिण भारतीय राज्यों से उत्तर में बढ़ रही हैं ।

सिमी का गठन तो बहुत पहले जमायते इस्लाम ए हिन्द द्वारा 1911 में किया गया था । लोकतान्त्रिक व्यवस्था और कुछ राजनितिक पार्टियों और नेताओं के सहयोग का का लाभ उठाकर इसका जाल फैलता गया तथा हिंसक हमले होते रहे । तब 2001 में जाकर इस पर प्रतिबन्ध का सिलसिला शुरु हुआ । हर बार पांच वर्ष का प्रतिबन्ध बढ़ता रहा । इसलिए उसने पी एफ आई को खड़ा कर दिया । माओवादी नक्सल या पाकिस्तान से मदद लेने वाले कुछ कश्मीरी संगठन इसी तरह नए नए नाम के संगठन खड़े करते रहे हैं । कानून और लोकतंत्र के अधिकार का ऐसा दुरूपयोग शायद दुनिया के किसी देश में देखने को नहीं मिलेगा । ब्रिटेन , अमेरिका , कनाडा जैसे देशों में कुछ भारत विरोधी आतंकववादी संगठन सक्रिय हैं , लेकिन वे उन देशों में हिंसा फैलाने का खतरा उठाने के बजाय भारत में फंडिंग या अन्य रास्तों से हथियार - ड्रग्स और भेस बदलकर लोग भजते रहते हैं । वे मानव अधिकार का झंडा उठाकर भारत को बदनाम करते हैं या धर्म के नाम पर इस्लामिक देशों से सहायता जुटाते रहते हैं ।

इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय उप महाद्वीप को माओवादी और इस्लामी कट्टरपंथियों आतंकियों ने एक भौगोलिक निशाने पर रखा है । इन तत्वों की न तो जन्म भूमि में विश्वास है और न ही किसी राष्ट्रीय सीमा । यही कारण है कि कम्युनिस्ट चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तालिबान सहित संगठनों की आतंकी गतिविधियों पर अंकुश के बजाय अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें सहयता देता है । भारत में मार्क्सवादी कम्युनिस्टों के बाद घोषित रूप से माओवादी संगठनों ने आदिवासी इलाकों में हिंसक गतिविधियों से तबाही की स्थितियां बनाई । नागरिक - मानवीय अधिकारों के नाम पर नेताओं , वकीलों , डॉक्टरों , पत्रकारों , एन जी ओ , सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक वर्ग से ऐसे अतिवादियों को कभी खुलकर और कभी छिपकर सहायता भी मिलती रही है । प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद इन गतिविधियों तथा संगठनों पर कड़ी कार्रवाई का अभियान से चलाया है । जांच एजेंसियां और पुलिस विभिन्न राज्यों में जब कोई कार्रवाई करती है , तो अदालतों में गवाह सबूत का लम्बा सिलसिला चलता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अगर नसीब में

अगर नसीब में लिक्खा है दर ब दर होना। तो फिर दुआ का तो लाज़िम है बेअसर होना। उसे फ़लक की बुलंदी कहाँ से रास आती। हो जिसके किस्मत में ही दर ब दर होना। कभी हवा तो कभी धूप से है जद्दोजहद। सरल नहीं है किसी बीज का वृक्ष होना।। सुकूने-दिल के लिए लाज़मी है ये ' कमल। तमाम क़िस्म की ख़बरों से बेख़बर होना। **- कमलकांत डोंगरे**

जपते रहिए प्रेम

जपते रहिए प्रेम से,जय हनुमान। काम पूर्ण होंगे सभी,लें जो ठान। पवनपुत्र हनुमान हैं,प्रभु के दास। पूरी करते हैं सदा,जन की आस। कोई भी रहता नहीं,कष्ट अभाव। पार लगाते हैं सदा,सबकी नाव। हो जाता है काम हर,तब आसान। करते भक्तों पर कृपा,जब हनुमान। बढ़ जाता जब जगत में, पापाचार। आंजनेय उसका करें ,तब संहार। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

खास पाती

दुनियाँ में जीने का आनन्द

दुनियाँ में जीने का आनन्द इसी में है आप भीतर की गति और मति के बल पर सैर सपाटो मे भी स्थित प्रज्ञ है संसार मे व्यस्त होकर भी मस्त है सबके बीच रहते हुए भी छूमनतर अपना सफर भी अपना तब है जब उसमे हमाराअहंकार नही परिष्कार हो। इस आवारगी की आशिकी का सबसे ऊचां हिलस्टेशन और गहनतम समंदर है अंतर्मन अगर भीतर नही भटके तो बाहर भी अटके बुनियादी कुदरत से बेगाने रह गए। पानी और धरती के इस गोले के हिंडोले पर घूमने के बजाय चक्कर खाकर रह गए। **- हेमा पाण्डेय**

नफरत के बीज बो कर प्रेम के

नफरत के बीज बो कर प्रेम के फल का इंतजार करते हैं कैसे कैसे जतन यहां मेरे सरकार करते हैं ! जिन कंधों पर टिका भविष्य उनके हाथ बेकार करते हैं फले धंधा अपना खूब माहौल ऐसे तैयार करते हैं दिन को पौधा लगाके लोग हरा भरा बहार करते हैं और कुछ रात में आके यहां अनगिनत पेड़ पार करते हैं चार साल तक हवा में उड़ते पांचवे साल मनुहार करते हैं हमको रोज हरा कर वो अपनी जीत की गुहार करते हैं। **- संत आर थवाईत**

नफरत के बीज बो कर प्रेम के

गर टूटना ही है इक दिन तो इतना इतराना क्यू गर गवांना पड़े,कुछ इस तरह तो फिर अँधा धुंध कमाना क्युं कोरोना काल ने दिखा दियाः- मकान है तो रहने वाले नही रहने वाले हैं तो मकान नही खाने को हैं तो,खाने वाले नही इंसान हैं तो,रिश्ते नहीमाँ है तो पिता नही पिता हैं तो मां नही मां-बाप है तो,बच्चे नही बच्चे हैं तो माँ-बाप नही पर वाह रे लोग अपनी ईमानदारी, अपने कर्तव्य भूल कमाए जा रहे,कमाए जा रहे। **- शत्रुंजय तिवारी**

न खुद का होश न औरों

न खुद का होश न औरों का ही खयाल रहा दिवानगी में यूँ कुछ पागलों सा हाल रहा बिठा के सामने नजरों में कैद कर लेंगे खयाल दिल ये मेरा कैसे कैसे पाल रहा लगाई क्यूँ थी किसी से वफा की उम्मीदें खुदी से खुद को यही उम्र भर मलाल रहा बेगाना करके जमाने से तन्हा छोड़ा है न जाने कौन सी वो दुश्मनी निकाल रहा भरोसे छोड़ दे सब अपने उस खुदा के लकी वही संभालेगा जो अब तलक संभाल रहा। **- लक्ष्मी माहोर**

तेरा ग़म भी मुझको अजीज है मेरा

तेरा ग़म भी मुझको अजीज है,मेरा प्यार कैसा अजीब है, कभी गौर कर मेरे साथिया,मै तेरी तू मेरा नसीब है । मेरी जिंदगी के हसीन पल,मुझे मिल गए मुझे मिल गए, वो पल कितना खुशनसीब है,कि जब तू मेरा करीब है। **- सरिता वर्मा गजल**

इक इक लम्हे को जीने की इशरत

इक इक लम्हे को जीने की इशरत रखा करो, कभी ज्यादा कभी कम बस हसरत रखा करो, उम्र की गिनती में जाया क्यूं करो मुस्कुराहट, कुछ टुकड़े ही सही आंखों में फक़त रखा करो। **- विजय लक्ष्मी राय**

ख़ामोशी से मैं कह दूँ तुम भी

ख़ामोशी से मैं कह दूँ तुम भी सच समझ कर सुन लो ग़र प्रेम के रंग में रंगना हो तो अपने अंतर्मन को चुन लो मुख पे ग़र उदासी है तो अपने छवि को दर्पण में देख लूँ प्रेम में तुम बस दिख जाओ मैं तुम से फिर यूँ मिल जाऊँ भाव में भाव गहरा हो अंतर्मन ये प्रेम मेरा बस जीवन में तेरा हो। **- नंदिता तनूजा**

QUIZ TIME

1) किस हवाई अड्डे को विंग्स इंडिया 2022 में सामान्य श्रेणी के तहत सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा के रूप में घोषित किया गया?
2) विश्व का प्राचीनतम चालू भाप रेल इंजन 1855 में कहां निर्मित हुआ था?
3) वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2022 में किस देश को लगातार 5वें वर्ष शीर्ष पर रखा गया?
4) पुरातात्विक स्थल इनामगाँव कहाँ स्थित है?
5) राज्य अर्थव्यवस्था का सिद्धान्त किसने दिया था?



उत्तरमाला- (1) केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (2) दिल्ली (3) फिनलैंड (4) महाराष्ट्र (5) कार्ल मार्क्स

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1661: चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया। 1639: दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई।1813: अमेरिका में जेएफहम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया। 1848: सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म। 1930: ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत। 1939: नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया। 1954: प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए। भारत में इसे पंचशील संधि कहते हैं। यह संधि 3 जून को लागू हुई थी। 1978: अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए हैं। 1991: बांग्लादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए। 1993: पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा। 1999: नई दिल्ली में बारटेंडर जेसिका लाल की मनु शर्मा ने एक बार में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जेसिका लाल हत्याकांड एक चर्चित केस बना। 2006 में शर्मा को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा सुनाई गई। 2011 में इस पर एक फिल्म भी बनी- 'नो वन किल्ड जेसिका'। 2008: भारत और ईरान के बीच 7 बिलियन डॉलर की गैस पाइपलाइन का मुद्दा एजेंडे में टॉप पर था, जब अमेरिका की प्रोजेक्ट पर आपत्तियों के बावजूद इरान के प्रेसिडेंट भारत आए थे।

मुख्यमंत्री ने मानव तस्करी रोकथाम के लिए 61 वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

■ **राज्य में पुलिस प्रशासन को त्वरित एक्शन के लिए मिले 61 नए वाहन**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में पुलिस प्रशासन को त्वरित एक्शन के लिए 61 नए वाहनों की सौगात दी है। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हाईवे पेट्रोलिंग व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग के 61 वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इनमें हाईवे पेट्रोलिंग अंतर्गत 15 वाहन, मानव तस्करी विरोधी इकाई के अंतर्गत 24 वाहन तथा कानून व्यवस्था हेतु 22 वाहन शामिल हैं। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक डॉ आनंद छावड़ा, पुलिस महानिरीक्षक एससी द्विवेदी , पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा उपस्थित रहे ।

15 आर्टिगा वाहन उपलब्ध कराए

हाईवे पेट्रोलिंग की व्यवस्था के तहत राजमार्गों पर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं निर्वाध आवागमन के साथ-साथ सड़क दुर्घटना में तत्काल राहत एवं सहायता करने के उद्देश्य से 15 नए आर्टिगा वाहन उपलब्ध कराए गए है। ये वाहन बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, कबीरधाम, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, रायगढ़, सरगुजा एवं बस्तर(जगदलपुर) में संचालित होंगे। हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में पुलिस बल आवश्यक उपकरण तथा सामग्री से सुसज्जित होकर पूर्व निर्धारित स्थल पर तैनात रहते है तथा सामान्यतः पूर्व निर्धारित राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क खण्ड (सेगमेंट) में भ्रमण करते हैं। संबंधित खण्ड में दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर हाईवे पेट्रोल तत्काल स्वतः क्रियाशील होकर घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित को समुचित सहायता एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तत्काल नजदीकी अस्पताल तक रवाना करने की व्यवस्था करते हैं। क्षेत्राधिकार के थाना को घटना की सूचना देकर आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराते है। यदि घटनास्थल पर किसी प्रकार कानून-व्यवस्था स्थिति निर्मित होती है तो स्थानीय बल के पहुंचने तक कानून-व्यवस्था बनाये रखते है। थाना प्रभारी तथा स्टॉफ के घटना स्थल पहुंचने तक घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए राजमार्ग में आवागमन को सामान्य बनाये रखते है।

15 हाईवे पेट्रोल वाहन खरीदे

प्रदेश में 30 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन हो चुके है। पूर्व से जिला रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कांकेर तथा कोण्डागांव जिलों में संचालित है। सड़क सुरक्षा मद से एक करोड़ 19 लाख 6 हजार 977 रूपए से 15 नवीन हाईवे पेट्रोल वाहन क्रय किये गए है। इससे हाइवे में घटित घटनाओं पर मदद मिलेगी।

इसी तरह मानव तस्करी विरोधी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट द्वारा गुम बच्चों के ऐसे प्रकरण, जिसमें बालक लंबे समय तक बरामद नहीं हो पाता है, तो मानव तस्करी की उपधारणा में प्रभावी विवेचना करना मानव तस्करी के पीड़ितों का बचाव कार्य, पीड़ितों की उचित देखभाल एवं काउंसलिंग उपलब्ध कराना पुलिस एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन कराना, मानव तस्करी के अपराधों का रिकार्ड का संधारण करना, अंतर्राज्यीय समन्वय स्थापित करना एवं मानव तस्करी के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान का संचालन करना है।

मानव तस्करी की रोकथाम हेतु पूर्व में राज्य के 11 जिले क्रमशः जिला जशपुर, सरगुजा, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, महासमुंद, बस्तर, नारायणपुर एवं बलरामपुर को एक-एक चार पहिया वाहन, मोटर सायकल एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराये गये थे। इस वर्ष राज्य के सभी जिलों में निर्भया फण्ड के तहत 3-60 करोड़ रूपए से नवीन एएचटीयू की स्थापना एवं पूर्व गठित एएचटीयू के सुदृढ़ीकरण हेतु नए वाहन प्रदान किए गए है। इस फण्ड से कुल 24 हल्का वाहन तथा 46 मोटर सायकल व अन्य संसाधन क्रय कर पूर्व एवं नवगठित प्रत्येक एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट को उपलब्ध कराया गया है।

48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में होगी खरीफ फसलों की बुआई

■ **बीते खरीफ से धान का रकबा 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर कम करने का लक्ष्य**

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा आगामी खरीफ सीजन में फसलों की बुआई को लेकर लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। खरीफ सीजन 2022 में कुल 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार फसलों की बुआई होगी, जो कि बीते खरीफ सीजन 2021 की तुलना में लगभग 55 हजार हेक्टेयर अधिक है। खरीफ सीजन 2022 के बुआई लक्ष्य निर्धारण में सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि धान के रकबे में बीते खरीफ सीजन के तुलना में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी कर दी गई है, जबकि मक्का के रकबे में लगभग एक लाख हेक्टेयर तथा कोदो, कुटकी और रागी के रकबे में लगभग 66 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। धान के रकबे को घटाने के साथ ही कृषि विभाग ने दलहन-तिलहन एवं अन्य फसलों के बुआई रकबे में बीत साल की तुलना में लगभग पौने तीन लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफसीजन 2021 में राज्य में 47 हजार 65 हजार 190 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी। खरीफ सीजन 2022 में इस लक्ष्य को लगभग 55 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर कर दिया गया है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 38 लाख 99 हजार 340 हेक्टेयर में धान की बोनी हुई थी, खरीफ सीजन 2022 में इस लक्ष्य को घटाकर 33 लाख 64 हजार 500 हेक्टेयर कर दिया गया है। यानि धान के रकबे में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी लाने का लक्ष्य विभाग ने रखा है। खरीफसीजन 2022 में मक्का की बुआई 3 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होगी, जबकि बीते वर्ष राज्य में 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाया गया है। कोदो कुटकी और रागी का रकबा भी 82 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख 47 हजार हेक्टेयर किया गया है। इस प्रकार राज्य में मोटे अनाज का रकबा भी 2 लाख 88 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 4 लाख 60 हजार हेक्टेयर किया गया है। दलहनी फसलों का रकबा 4 लाख 48 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जबकि बीते खरीफसीजन में 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर में दलहनी फसलों की खेती की गई थी। इसी तरह तिलहनी फसलों के रकबे में एक लाख की बढ़ोत्तरी करते हुए इनका रकबा दो लाख 67 हजार 700 हेक्टेयर कर दिया गया है। खरीफ 2021 में राज्य में एक लाख 66 हजार 670 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें लगाई गई थी, अन्य खरीफ फसलों के रकबे में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। खरीफ 2022 में अन्य खरीफ फसलें दो लाख 83 हजार हेक्टेयर में लगाए जाने का लक्ष्य है, जबकि बीते खरीफ सीजन में इनकी बोनी का रकबा एक लाख 33 हजार हेक्टेयर था।

भारतीय कला व संगीत की समृद्धशाली संस्कृति को संरक्षित करें : राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके राजनांदगांव के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 16वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। राज्यपाल सह अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा राजकुमारी इंदिरा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन उपरांत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कुलगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात राज्यपाल सुश्री उइके ने प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पद्मभूषण उमा शर्मा, पार्श्व गायिका पद्मश्री कविता कृष्णमूर्ति, प्रोफेसर पंडित विद्याधर व्यास, प्रसिद्ध नाट्यकर्मी व राष्ट्र नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक प्रोफेसर देवेंद्रराज अंकुर तथा छत्तीसगढ़ के लोक गायक दिलीप षडंगी को डी. लिट् की मानद उपाधि प्रदान की। साथ ही राज्यपाल सुश्री उइके ने विद्यर्थियों को स्वर्ण पदक, स्नातक-स्नातकोत्तर की उपाधि और शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों व शोधार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिनका नाम सुना था, जिनके गाने सुने थे, आज उन्हें सम्मानित करके गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। कला की लगभग सभी विधाओं के पारंगत कलाकार मंचासीन है, ऐसा विलक्षण अवसर विरले ही संभव होते हैं। उन्होंने सभी कला प्रेमियों से कहा कि कलाकार की नैतिक जिम्मेदारी भी है कि वह कला के द्वारा शिक्षा भी दें। लेकिन समझने की आवश्यकता है कि कला का ज्ञान हमें केवल पुस्तकों से नहीं मिलता है। प्रत्येक कलाकार को इसके लिए साधना करनी होती है। भारतीय कला-चिंतन में भी कला को एक साधना माना गया है। किसी भी प्रकार के बंधन से मुक्त कलाकार, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। राज्यपाल सुश्री उइके ने विद्यार्थियों व शोधार्थियों से कहा कि यदि आप दृढ़ संकल्पित हो जाएं तो आप भी डी. लिट् जैसी प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त कर सकते हैं।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि प्रदेश के सांस्कृतिक विकास में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती देवी ने यह अमूल्य भेंट भारतीय संस्कृति को समर्पित की है। यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। मुझे पूर्ण विश्वास है आप सभी इस सांस्कृतिक विरासत व परंपरा को सहेजेंगे। उन्होंने कहा कि दीक्षांत का मतलब सिर्फ विधिवत शिक्षा-सत्र की समाप्ति से है। अब आप जीवन के नए चरण में प्रवेश करेंगे। मैं चाहूंगी कि आपने यहां जो सीखा है, जो ज्ञान अर्जन किया है, जिस कला की साधना की है, उसका आगे जीवन में सदुपयोग करें। आप लोगों ने यहां जो शिक्षा प्राप्त की है, वह आपके भावी जीवन में काम आने वाली है। भारतीय संस्कृति जितनी पुरानी है, उतनी ही प्रचीन उसकी कलाएं भी हैं। साहित्य, कला, संगीत एवं नृत्य आदि संस्कृति के अंग है और इन्हीं के द्वारा देश की संस्कृति समृद्ध बनती है। लोक जीवन और लोक कलाओं से निरन्तर संवाद के बिना किसी कला का समुचित विकास संभव नहीं है।

सीएम ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, डॉ. एस. भारतीदासन, उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया, स्वास्थ्य सचिव शहला निगार, आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक नीरज बंसोड़, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह भी बैठक में मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में सभी योजनाओं पर चर्चा की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र लाभांडी में एक दिवसीय किसान मेला संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र लाभांडी में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत ''किसान भागीदारी प्राथमिक हमारी अभियान'' के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय वृहद किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में किसानों के लिए उन्नत कृषि यंत्र, प्रसंस्करण मशीनों, विभिन्न फसलों की जैविक खेती एवं उत्पाद प्रदर्शनी में शामिल किए गए।

कृषि विज्ञान केन्द्र अधिकारियों ने बताया कि मेले में कृषि यांत्रिकीकरण से संबंधित विषयों में फसल अवशिष्ट प्रबंधन हेतु स्ट्रॉ बेलर मशीन की कार्यशैली, उपयोगिता एवं संचालन हेतु आवश्यक क्षमता के ट्रेक्टर इत्यादि के बारे में बताया गया। किसानों द्वारा पूछे गए अन्य संबंधित प्रश्नों के समाधान हेतु सुझाव भी दिया गया। मेले में कीट एवं खरपतवार नियंत्रण हेतु ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए किसानो को अपने प्रक्षेत्रों में प्लाऊ द्वारा अकरस जुताई (ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई) एवं आगामी खरीफ मौसम में धान फसल हेतु कृषि आदान लागत में कमी एवं उचित फसल प्रबंधन हेतु सीड ड्रील के माध्यम से बुवाई करने जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और संचालक कृषि विभाग यशवंत कुमार तथा अध्यक्षता निदेशक सेवाएँ डॉ. आरके बाजपेयी ने किया।

महंगाई पर प्रधानमंत्री अपनी नाकामी का ठीकरा राज्यों पर फोड़ना चाह रहे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राज्यों से पेट्रोल-डीजल कम करने की अपील उनका अपनी जिम्मेदारी से भागने की कवायद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महंगाई पर प्रधानमंत्री अपनी नाकामी का ठीकरा राज्यों पर फोड़ना चाह रहे। देश की जनता पेट्रोल-डीजल के साथ रसोई गैस, खाद्य तेल, कपड़ा, साबुन, दवाई सभी प्रकार की आवश्यक वस्तुओं की महंगाई से परेशान है। इन सब वस्तुओं पर जीएसटी मोदी सरकार ने बढ़ाया है। प्रधानमंत्री राज्यों से वैट कम करने की बात कर महंगाई पर से ध्यान भटकाना चाह रहे। केंद्र सरकार की मुनाफाखोरी नीति के कारण डीजल-पेट्रोल के दाम बेतहाशा बढ़े है। राज्यों से अपील करने के बजाय कांग्रेस पार्टी केंद्र से भी मांग करती है कि वह पेट्रोल-डीजल में बढ़ाये गये एक्साइज ड्यूटी को पूरा हटाये तथा आवश्यक वस्तुओं पर से जीएसटी कम करें ताकि राज्य की जनता का पेट्रोल और डीजल के दाम में और राहत मिल सके। केंद्र ने कोरोना काल में डीजल-पेट्रोल के दामों में दस गुना तक बताया था। डीजल-पेट्रोल पर लगने वाले एक्साईज को मोदी सरकार पहले के यूपीए सरकार के समान वसूलना शुरू कर दे तो सारी समस्याओं का समाधान खुद हो जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने कोरोना काल में पेट्रोल पर लगने वाले एक्साइज टैक्स को तीन गुना बढ़ाया था तथा डीजल पर लगने वाले एक्साइज टैक्स को दस गुना बढ़ाया था। मनमोहन सरकार के दौरान पेट्रोल पर 9.18 पैसे तथा डीजल पर लगभग 3.33 पैसे एक्साइज लगता था जिसे मोदी सरकार ने बढ़ा कर 32.90 रू. तथा 31.80 रुपये. कर दिया था। 5 व 10 रुपये की मामूली कटौती करने के बाद भी आज मोदी सरकार पेट्रोल पर 27.90 रु और डीजल पर 21.80 रू. एक्साइज वसूलती है।

मेकाहारा में मरीजों को गर्मी से मिलेगी राहत, लगाए गए कूलर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में उपचार हेतु भर्ती मरीज एवं परिजन को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा लोक निर्माण विद्युत, यांत्रिकी विभाग के माध्यम से चिकित्सालय प्रबंधन को 110 नग कूलर उपलब्ध कराया गया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को कोई परेशानी न हो इस बात को त्वरित संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर द्वारा तत्काल कूलरों की व्यवस्था की गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय प्रबंधन ने मरीजों के हित में किये गये इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। मेकाहारा प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है।

मिर्जा मसूद को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख की आर्थिक मदद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं ख्यात उद्घोषक मिर्जा मसूद को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख की आर्थिक मदद पहुंचाई गई है। सुप्रसिद्ध रंगकर्मी की जरूरत के समय राज्य शासन की ओर से की गई इस पहल पर प्रदेश के सभी साहित्यकारों एवं संस्कृतिकर्मियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद व आभार जताया।

गौरतलब है कि बीते लम्बे समय से रंगकर्मी मिर्जा मसूद स्वास्थ्यगत परेशानियों से जूझ रहे हैं। इस बीच उन्हें आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन को इस संबंध में जानकारी मिली, तो उन्होंने श्री मसूद के रंगकर्म क्षेत्र में योगदान के लिए राज्य की ओर से सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें आर्थिक मदद देने की पहल की। इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया। रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार ने तहसीलदार के जरिए मिर्जा मसूद के नुरानी चौक, राजातालाब स्थित निवास भेजकर मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत दो लाख रुपये की राशि का चेक उन्हें प्रदान किया गया।

पावर कंपनी में जेई भर्ती के लिये मई में होगा दस्तावेजों का परीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में जूनियर इंजीनियर (जेई-कनिष्ठ अभियंता) की भर्ती के लिये पहले पात्र उम्मीदवारों के दस्तावेजों का परीक्षण अगले महीने मई में होगा। दस्तावेज परीक्षण के लिये पॉवर कंपनी ने चार ब्रांच के पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इसमें आईटी, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रानिक्स और मेकेनिकल ब्रांच की सूची जारी कर दी गई है। इसमें विज्ञापित पदों में से डेढ़ से दोगुने उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी इस सूची का अवलोकन पॉवर कंपनी की वेबसाइट www.cspc.co.in में कर सकते हैं।

पॉवर कंपनी में आईटी के 13 पदों के लिये 26, कंप्यूटर साइंस के 12 पदों के लिये 24, इलेक्ट्रानिक्स के 6 पदों के लिये 12 और मेकेनिकल के 27 पदों के लिये 46 पात्र उम्मीदवारों को दस्तावेज परीक्षण के लिये बुलाया जाएगा।

शेष इलेक्ट्रिकल के 209 तथा सिविल ब्रांच के 40 पदों के लिये दस्तावेज परीक्षण के पात्र उम्मीदवारों की सूची अगले सप्ताह जारी की जाएगी।

लुमोस तेज की मदद से संक्रमण मुक्त किए जा सकेंगे एन 95 मॉस्क

■ **अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जर्नल में भी प्रकाशित, राज्य सरकार से सहायता को आवेदन**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के इंटर्न और चिकित्सकों की एक टीम ने यूवी बाक्स 'लुमोस तेज' का निर्माण किया है जिसमें यूवी रे की मदद से एन 95 मास्क को संक्रमण मुक्त किया जा सकेगा। चार महीने की कड़ी मेहनत के बाद बनाए गए इस यूवी बाक्स में बड़ी संख्या में एन 95 मास्क को दोबारा प्रयोग के लायक बनाया जा सकता है। एम्स के इस शोध को 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च' में भी प्रकाशित किया गया है।

वर्ष 2020 में एम्स के इंटर्न डॉ. शशि शेखर दुबे की पोस्टिंग पल्मोनरी विभाग में थी तभी कोविड-19 महामारी के बाद बड़ी संख्या में एन 95 मास्क प्रयोग करने के दौरान उनके मन में विचार आया कि इस प्रकार का एक बाक्स बनाया जा सकता है जिसमें इन सभी संक्रमित या प्रयोग किए गए मास्क को कुछ देर रखकर संक्रमण खत्म किया जा सके। इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों को भी दूर किया जा सकता है।

कोविड रोगियों के उपचार की व्यस्तता के बाद भी उन्होंने कुछ तकनीशियन की मदद से पांच दिनों में छह गुणा तीन गुणा चार फुट का एक यूवी बाक्स बनाया। इस दौरान उन्हें कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। प्रारंभ में लॉकडाउन के चलते उन्हें अनुसंधान के लिए आवश्यक यूवी लाइट नहीं मिल रही थी। किसी प्रकार उन्होंने रायपुर में उपलब्ध यूवी लाइट खरीद कर एल्युमिनियम पैनल और अन्य मैटेरियल की मदद से इस यूवी बाक्स का निर्माण किया। उन्होंने इसे लुमोस तेज का नाम दिया जो हैरी पार्टर की किताब पर आधारित है।

बाक्स के निर्माण के बाद उन्होंने इसमें संक्रमित मास्क को रखकर कोविड-19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए स्वयं का अनुसंधान प्रारंभ किया। चार महीनों के सतत् प्रयासों के बाद उन्हें इस प्रकार के मास्क को संक्रमण मुक्त करने में मदद मिली।

भाजपा भ्रम फैला रही, धरना प्रदर्शन के नियम रमन सरकार के समय का : मरकाम

■ **रमन सरकार खुद धरना प्रदर्शन के पहले 23 बिंदुओं का शपथ पत्र भरवाती थी**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस पत्रकारवार्ता के माध्यम से स्पष्ट कर देना चाहते है कि एक भ्रम जो भारतीय जनता पार्टी के द्वारा फैलाने की कोशिश की जा रही है उसमें साफ कर देना चाहते है कि छत्तीसगढ़ में किसी भी प्रकार के शांतिपूर्ण संवैधानिक धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, धार्मिक आयोजन में रोक नहीं लगाया गया है। इस संबंध में भाजपा भ्रम और झूठ फैला रही है जो पूरी तरह से मिथ्या और भ्रामक है। हमारी सरकार ने धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, सार्वजनिक आयोजन के संबंध में जो निर्देश जारी किये है वह नये नहीं है इस प्रदेश में पहले से लागू है। पिछले कुछ दशकों से लागू है। पूर्ववर्ती रमन सरकार के समय से लागू है। आयोजनों के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूर्ववत बने नियमों के पालन की ही बात है इस निर्देश में है। जो नियम भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में लागू थे और जिसका 15 साल तक स्वयं भाजपा की रमन सरकार कड़ाई से पालन करवाती रही उन्हीं नियमों के संबंध में जारी किये गये निर्देश अलोकतांत्रिक कैसे हो गये?

- चार दिन पहले जिस कानून के पालन के निर्देश भाजपा की उत्तरप्रदेश सरकार अपने राज्य में करती है वही कानून उत्तर प्रदेश में लोकतांत्रिक है और छत्तीसगढ़ में गैर प्रजातांत्रिक हो गया।
- दरअसल भारतीय जनता पार्टी का चरित्र अलोकतांत्रिक हो गया। संवैधानिक मूल्य, संवैधानिक संस्थानों की अवहेलना करते-करते भाजपा अब नियमों कानूनों की व्याख्या भी अपनी सुविधा के अनुसार करने लगी है।
- रमन सरकार ने तो बारात निकालने, डीजे बजाने और अखंड रामायण के लिये भी अनुमति लेने का नियम बनाया था।
- धरना, प्रदर्शन के लिये अनुमति देने शर्तें लगाने का अधिकार पुलिस को भाजपा की रमन सरकार ने दिया था।

■ न्यूज गैलरी

रात्रिकालीन सफाई से बदली दुर्ग की तस्वीर

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रमुख स्थानों पर चल रही रात्रिकालीन सफाई से शहर की तस्वीर बदली दिख रही है। निगम का स्वास्थ्य अमला सफाई अभियान में जुटा हुआ है। इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार, रेलवे स्टेशन, नया बस स्टैंड के साथ ही सिकोलाभाठा, दीनउपाध्याय काम्पलेक्स समेत अन्य इलाकों में सफाई का कार्य रात्रि में भी जारी है। नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र में सफाई अभियान को निरंतर गति मिल रही है। नियमित सफाई अभियान के अलावा कई सार्वजनिक स्थानों में भी सफाई अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया गया है। सुबह के अलावा रात्रि कालीन में भी सफाई कर्मियों की टीम भेज कर चिन्हांकित स्थानों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त हरेश मंडावी की दिशा निर्देश एवं मार्ग दर्शन पर कार्य करते हुए शहर के भीड़भाड वाले क्षेत्र व प्रमुख स्थानों, इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार, रेलवे स्टेशन परिसर के आस-पास, नया बस स्टैण्ड परिसर व सिकोलाभाठा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉम्पलेक्स, बस स्टैण्ड के सामने में सुबह पाली की तरह रात्रि कालीन में भी सफाई कार्य की सतत् निगरानी रखकर कचरा मुक्त शहर बनाने हेतु निरंतर प्रयास जारी है। अलग-अलग सफाई गैंग लगाकर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती में यह कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के सुचारू रूप से संपादन के लिए स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को जिम्मेदारी सौपी गई है। उनके द्वारा प्रतिदिन रात्रिकालीन सफाई की मॉनिटरिंग की जा रही है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर वासियों एवं व्यापारियों से अपील की है कि अपने घरों व दुकानों का कचरा इधर-उधर रोड, सडक़, नाली में न फेंके। नगर निगम द्वारा 3 पालियों में कचरा कलेक्शन हेतु वाहन लगया गया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललित कुमार साहू पिता स्व. कृष्णा राम साहू निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 786/168 रकबा 0.0080 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार कृष्णा राम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

विधायक वोरा की मांग पर सीएम भूपेश ने मंच से की थी घोषणा

■ दुर्ग में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान खटाई में!

दुर्ग/नवप्रदेश। देश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी देने वाले दुर्ग के लिए एस्ट्रोटर्फ मैदान का इंतजार और बढ़ गया है। पिछले दिनों विकास कार्यों का लोकार्पण करने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मैदान की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद हॉकी खिलाड़ियों में खासा उत्साह था, किन्तु कांग्रेस के नेताओं में समन्वय का अभाव, परस्पर गुटबाजी और स्वयं को बड़ा नेता साबित करने की होड़ में एस्ट्रोटर्फ मैदान खटाई में पड़ गया है। मैदान को लेकर कई तरह की तकनीकी दिक्कतें भी सामने आने की जानकारी मिली है।

दुर्ग जिला हॉकी संघ लम्बे समय से एस्ट्रोटर्फ मैदान की मांग करता रहा है। दरअसल, दुर्ग के खिलाड़ी जब राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित होते हैं तो उन्हें एस्ट्रोटर्फ मैदान में खेलना होता है। जबकि इससे पहले वे सामान्य मैदानों में ही प्रैक्टिस करते हैं। इस वजह से चयनित होने वाले खिलाडिय़ों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इसके एक दुष्प्रभाव यह भी है कि अच्छा खिलाड़ी होने के बावजूद एस्ट्रोटर्फ मैदान में उसका प्रदर्शन आशानुरूप नहीं रह पाता। यही वजह है कि जिला हॉकी संघ काफी समय से प्रदेश और स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों से एस्ट्रोटर्फ मैदान की मांग करता रहा है। ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रारम्भ से ही एस्ट्रोटर्फ का अनुभव हो सके। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कुल 3 एस्ट्रोटर्फ मैदान है। राजधानी रायपुर के अलावा न्यायधानी बिलासपुर और राजनांदगांव के बाद दुर्ग चौथा ऐसा केन्द्र बनने जा रहा था, जहां एस्ट्रोटर्फ मैदान होता।

बताया जाता है कि हॉकी संघ और खिलाडिय़ों की मंशा थी कि एस्ट्रोटर्फ मैदान सिविल लाइन स्थित शीतला मंदिर के सामने ही बने। इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई थी, लेकिन कलेक्टर को इस मैदान में कई तरह की तकनीकी खामियां नजर आई। इस वजह से उन्होंने किसी अन्य स्थान पर एस्ट्रोटर्फ मैदान तैयार करवाने की बात कही। इसके लिए मैदान की खोजबीन भी की जा रही है।

प्रदेश का हॉकी हब है दुर्ग

दुर्ग को छत्तीसगढ़ का हॉकी हब माना जाता है। यहां 300 से 400 खिलाड़ी रोजाना हॉकी की प्रैक्टिस करते हैं। वहीं औसतन 25 खिलाड़ी हर साल नेशनल खेलते हैं। 15 से ज्यादा खिलाड़ी खेलो इंडिया में सिलेक्ट हो चुके हैं तो 10 से ज्यादा खिलाड़ी टीम इंडिया का हिस्सा भी बने हैं। इनमें सबा अंजुम से लेकर बलविंदर कौर, हेमलता आदि के नाम प्रमुख हैं। इनके अलावा लीना राजेश्वर और अंजली भी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर चुकीं हैं। जानकारों के मुताबिक, खेलो इडिया योजना के तहत पूर्व में दुर्ग में एस्ट्रोटर्फ मैदान को स्वीकृति मिल चुकी है। करीब तीन साल पहले मिली इस स्वीकृति के बाद चंदखुरी में मैदान के लिए जगह भी देख ली गई थी। सरकारी स्तर पर कागजी कार्रवाई भी शुरू हुई, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

कल्याणकारी योजनाओं से कोई ना रहे वंचित, सीएम से करेंगे चर्चा : वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

> स्वास्थ्य के लिए गरीबों को राशन कार्ड के माध्यम से बीपीएल परिवारों को 5 लाख एवं एपीएल परिवारों को 50 हजार तक की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किए जाने के साथ ही डॉ खूबचंद बघेल विशेष स्वास्थ्य सहायता एवं मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजनाएं भी प्रदेश की जनता को महंगाई के इस दौर में बड़ी राहत दे रही हैं।

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के नए विकास मॉडल में शिक्षा एवं स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इन योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग शहरी क्षेत्र में दो अतिरिक्त सस्ती दवा दुकान एवं शहीद भगत सिंह स्कूल व बोरसी स्कूल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में उन्नयन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए गरीबों को राशन कार्ड के माध्यम से बीपीएल परिवारों को 5 लाख एवं एपीएल परिवारों को 50 हजार तक की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किए जाने के साथ ही डॉ खूबचंद बघेल विशेष स्वास्थ्य सहायता एवं मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजनाएं भी प्रदेश की जनता को महंगाई के इस दौर में बड़ी राहत दे रही हैं। सामान्य वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को अच्छी अंग्रेजी शिक्षा मुफ्त में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए मारामारी की स्थिति है। स्कूलों को मिल रहे प्रतिसाद एवं बच्चो व पालकों के उत्साह को देखते हुए आबादी के अनुरूप आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़ाने एवं सीटें बढ़ाने मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी।

सड़क पर सामान फैलाने वालों को अतिक्रमण दस्ते ने दी चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। सडक़ तक सामान फैलाकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को नगर निगम के अमले ने अभियान चलाकर चेतावनी दी। इससे पहले दुकानदारों के अतिक्रमण की बाकायदा फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई गई। नगर निगम के आयुक्त हरेश मंडावी के मुताबिक, इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इंदिरा मार्केट क्षेत्र में आज नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने अभियान चलाया। यहां दुकानदारों की वजह से यातायात अवरूद्ध होने और आवाजाही में दिक्कतें पेश आने की शिकायतें लगातार आ रही थी। इसी के चलते अतिक्रमण प्रभारी दुर्गेश गुप्ता की अगुवाई में निगम अमले ने सड़क अवरूद्ध करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के लिए पहुंचे निगम अमला ने अतिक्रमणकारियों की फोटो व वीडियोग्राफी करवाई और उसके बाद सड़क पर फैलाकर रखे गए सामानों को हटवाया गया। इंदिरा मार्केट क्षेत्र में कारोबार सड़क तक सामान फैलाकर कारोबार कर रहे है। इसकी वजह से बाजार के भीतर व मुख्य मार्ग पर आवागमन को लेकर दिक्कत हो रही है। गुरुवार को निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर निगम का बाजार विभाग व अतिक्रमण तोड़ू दस्ता इंदिरा मार्केट पहुंचा। निगम कर्मचारियों ने इंदिरा मार्केट सहित प्रेस काम्प्लेक्स एरिया, मार्केट क्षेत्र स्टेशन रोड, न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क किनारे कब्जा कर सडक़ तक सामान फैलाकर कारोबार करने वाले बाहर समान रखे सभी व्यापारियों की फोटो व वीडियोग्राफी करवाई गई।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र-202204100700206//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीता श्रीवास्तव वगै. अविनाश कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम सिंधिया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 10/22 रकबा 0.0220 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार नीरज बरसी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप)
रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2021-22

क्योंकि मौजा डुन्डेरा तह. व जिला दुर्ग के सह भूमि स्वामी आशा राम आ. लक्ष्मण डहरिया अन्य-2 साकिन कोसा तह. व जिला बालोद ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्यों कि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 5/5/22 स्थान तह. कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण): (खाते का विवरण): सर्वेक्षण संख्यांक/भूखंडांक- 846 क्षेत्रफल- 0.0200 हे. भू-राजस्व- 0.02 /-

आज दिनांक 5/4/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुमार साहू पिता स्व. तोरण लाल साहू निवासी जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भुमि ग्राम भटगांव प.ह.नं. 09 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 80 रकबा 0.43 वर्गफीट भूमि को हकत्याग पत्र के आधार पर हकत्यागकर्ता अहिल्या पिता जोहन अन्य-1 के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 13/5/22 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202204100400267

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका ज्ञान्ती यादव पति गौतम यादव निवासी छावनी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1109/124 रकबा 0.026 हें/ 1400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202204100400268

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गणेश यादव आ. शिवप्रवेश प्रसाद यादव निवासी जामुल द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जामुल प.ह.न. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1109/109 रकबा 0.013 हें/ 1400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- //अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक नंदकुमार यादव आ. गोपाल निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 71 ए प्लाट नं. 20/3 रकबा 92.75 वर्गमीटर भूमि धारक राजोबाई आ. चमरू सिकोला बस्ती के नाम पर पट्टा जारी है, जिसकी वैधता 31 मार्च 2031 तक है। धारक की मृत्यु दिनांक 06/08/2016 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र नन्दलाल यादव, नंदू कुमार, नवीन यादव हैं जिसमें से नन्दलाल की मृत्यु दिनांक 06/11/2020 को हो चुकी है तथा उनके वारिसान उनकी पत्नि उत्तराबाई, पुत्र कुन्दन, नितेश, पुत्री स्नेहलता, निधी है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 29/4/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जाचं अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)क

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 38//अ-20(1)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक लक्ष्मी बाईसाहू पिता दुलार साहू निवासी नयापारा वार्ड क्रमांक 1 दुर्ग आवेदिका द्वारा दुर्ग स्थित नजूल शीट क्रमांक 9 सी मू.क. 25/1 क्षेत्रफल 155.00 वर्गमीटर भूस्वामी अधिकार प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ओवदिका द्वारा अपने सम्मत शासकीय अभिलेखों में अपना वास्तविक एवं सही नाम लछनी बाई साहू लेबल किया गया है आवेदिका द्वारा भूमि स्वामी हक विलेख में लक्ष्मी बाई साहू के स्थान पर लछनी बाई साहू दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 9/5/2022 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/4/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)क

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री मकबूल अहमद — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202204100400262

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मकबूल अहमद आ. श्री मोहम्मद दाउद निवासी आजाद मार्केट रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	655/ 7	0.020 हें 2475 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/4/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री श्याम बिल्डकॉन पार्टनर प्रतीक अग्रवाल — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.- 202204100400313

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री श्याम बिल्डकॉन पार्टनर प्रतीक अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी श्यामकुंज दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जुनवानी प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	39/ 3	0.110 हें 11836 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/4/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202204101200032/202204101200032
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

रिसामा प.ह.न. 00045
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - /
तिलेश्वर निर्मलकर अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाताहै कि आवेदक तिलेश्वर निर्मलकर पिता स्व. पुनीत राम निर्मलकर ग्राम रिसामा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग ख. नं. 138, 757, 920, 982, 1003 रकबा 0.770 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। पुनीत राम एवं सहखातेदार के नाम से शामिलात खाता में दर्ज है। सहखातेदार पुनीतराम उमा बाई, भगवंतीन की मृत्यु हो चुकी है जिससे उनकी फौती दर्ज कर वारिसानों के नाम पर नामांतरण किए जाने आवेदक प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 11/5/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/4/22 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री श्याम बिल्डकॉन पार्टनर प्रतीक अग्रवाल — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.- 202204100400428

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री श्याम बिल्डकॉन पार्टनर प्रतीक अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी मकान नं. 12/23 श्यामकुंज दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जुनवानी प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	39/ 4	0.1100 हें 11836 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25/4/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आरती जोशी पति स्व. विजय यशवंत जोशी निवासी ग्राम भिलाई नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुन्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 977 रकबा 0.5500 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार विजय यशवंत जोशी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

मामले की श्रेणी-राजस्व
क्रमांकः सीजी 5106207042022005

डुन्डेरा प.ह.न. 00057 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के भूमिस्वामी सेवाराम पिता/पति धनीराम पता मकान क्र. 765/के ग्राम व पोस्ट डुंडेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 649 (0.2500), 650 (0.1100) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/05/2022 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/4/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता विनोद कुमार जैन पिता श्री नेमीचंद जैन जाति जैन निवासी विद्युत नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न 39 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 633/2 रकबा 0.340 हे. में से 4973.07 वर्गफीट भूमि विक्रेता पून बाई पति आजू राम जाति सतनामी निवासी आजाद चौक बोरसी तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 03/03/2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 05/05/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रेता विनोद कुमार जैन पिता श्री नेमीचंद जैन जाति जैन निवासी विद्युत नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न 39 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 633/1 रकबा 0.240 हे. में से 1326.93 वर्गफीट भूमि विक्रेता विजय कोसरे पिता श्री मोरध्वज जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. 52 आजाद चौक बोरसी तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 03/03/2022 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 05/05/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हकप्राप्तकर्तागण रामप्रसाद पिता कातिकराम व अन्य-1 निवासी उतई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1182, 1197, 1239 रकबा क्रमशः 0.6800, 0.4600, 0.0700 हे. कुल रकबा 1.2100 हे. भूमि हकत्यागकर्ती पार्वती साहू पिता कार्तिकराम जाति तेली निवासी ग्राम पाहंदा तह. पाटन जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18/4/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 12/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202204100400354

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका तृप्ति रानी देशमुख पति प्रशांत देशमुख निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595/23 रकबा 0.0220 हें/ 2339 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, तहसील व जिला-दुर्ग-1
-:: आम सूचना ::-

सीमांकन बाबत

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक अ/12 आदेश दिनांक 18/4/22 के आदेशनुसार आवेदक श्री दिनेश कुमार आ. गुलाबचंद निवासी चिखली ग्राम .... प.ह.नं.- .... रा.नि.मं- .... तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 358/6 रकबा 0.020 हे. का सीमांकन दिनांक 18/5/22 पूर्वान्हि/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप)
रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2021-22

क्योंकि मौजा थनौद तह. व जिला दुर्ग के सह भूमि स्वामी रूपसिंह देवांगन आ. स्व.भलऊ देवांगन साकिन थनौद तह. व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्यों कि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 10/5/22 स्थान तह. कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण): (खाते का विवरण): ख. नं. - 87/1, 87/2, 87/3, 88/2, 89/2, 90, 94, 96, 98/1, 564, 1281/1, 1285/2, 1363/1, 1347/2, 1367/2, 1361/3, 1367/4, 1759/1, 1759/2, 1823/1 कुल रकबा 6.9000 हे.

आज दिनांक 27/4/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र-//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जहरून बेगम पिता स्व. अब्दुल जब्बार खां निवासी ग्राम कंडरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 533/7, 533/35 रकबा 0.004, 0.001 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अब्दुल जब्बार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार सोमानी आ. स्व. गुलाबचंद सोमानी द्वारा मौजा ग्राम चिखली रा.नि. दुर्ग01 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 358/6 कर रकबा 0.020 हे. भूमि का वर्तमान मूल ख.नं. 358/1 नक्शा में अंकित है जिसे आवेदक उक्त नक्शा पर अपने भूमि का नक्शा बटांकन करवाकर ख.नं. 358/6 अंकित कराना चाहता है जिसे राजस्व अभिलेख में बटांकन किया जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 9/5/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सलमा बेगम पति स्व. सैय्यद सलमान अली निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 711/179 रकबा 0.0140 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/4/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/4/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202204101200031/202204101200031
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

निकुम प.ह.न. 00033
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - /
मोरध्वज अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाताहै कि आवेदक मोरध्वज पिता कल्याण सिंह ग्राम निकुम प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग ख. नं. 70, 1050, 1072 कुल रकबा 1.420 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। राजस्व अभिलेख में कल्याण पिता निरभेराम के नाम पर दर्ज है। वसीयतकर्ता कल्याण की मृत्यु दिनांक 23/09/2021 को होचुकी है। अतएव मृतक का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदक/वसीयतप्राप्तकर्ता मोरध्वज पिता कल्याण सिंह का नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन इस कल्याण में प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 11/5/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/4/22 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पूनम कुमार देशमुख (POONAM KUMAR DESHMUKH) आ. गंगा प्रसाद देशमुख (GANGA PRASAD DESHMUKH) उम्र, 46 वर्ष निवासी म.नं. 117 वार्ड नं. 08 आदर्श चौक खुरसुर जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरी जन्मतिथि 12-01-1976 है। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 460071917470 , पैन कार्ड क्रमांक CFZPD5904C मेरा नाम पूनम कुमार देशमुख (POONAM KUMAR DESHMUKH) आ. गंगा प्रसाद देशमुख (GANGA PRASAD DESHMUKH) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे शैक्षणिक स्थानांतरण प्रमाण पत्र में मेरा पूनम कुमार आ. गंगा प्रसाद दर्ज है। मेरे पुत्र वरूण देशमुख के शालेय रिकार्ड व अंकसूची में मेरा नाम त्रुटिवश पूनम लाल देशमुख (POONAM LAL DESHMUKH) अंकित हो गया है। पूनम कुमार देशमुख (POONAM KUMAR DESHMUKH) आ. गंगा प्रसाद देशमुख (GANGA PRASAD DESHMUKH) पूनम कुमार आ. गंगा प्रसाद एवं पूनम लाल देशमुख (POONAM LAL DESHMUKH) तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा स्वयं का नाम है। मैं अपने सही वास्तविक नाम पूनम कुमार देशमुख (POONAM KUMAR DESHMUKH) आ. गंगा प्रसाद देशमुख (GANGA PRASAD DESHMUKH) को शासकीस गजट में प्रकाशन करने व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आपके समक्ष यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर रहा हूं।

मुहर — शपथकर्ता पूनम कुमार

एक ही जमीन को धोखाधड़ी कर दो लोगों को बेच दिया!

■ **पुलिस से शिकायत के सवा साल बाद भी नहीं मिला पीड़ित किसान को न्याय**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एक ही जमीन को दो लोगों के पास बेचकर फ र्जीवाड़ा करने का मामला प्रकाश में आया है। दिलचस्प बात यह है कि पहले क्रेता से रूपए लेकर उसे जमीन का पर्चा थमाने के बाद दूसरे क्रेता को दूसरा पर्चा बनवाकर जमीन को उसके नाम कर दिया गया। पहले क्रेता को अब तक न तो दी गई रकम वापस मिली है और न ही जमीन। पुलिस एक ओर सबके लिए न्याय की बात करती है, लेकिन हैरत की बात है कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा इस मामले की शिकायत एसपी और थाने में करने के सवा साल बाद भी उसे न्याय नहीं मिला है। यह पूरा मामला शहर के पुराना गंज चौक निवासी कृषक केशव राम देवांगन पिता स्व. रामदयाल देवांगन उम्र 54 वर्ष का है। पीड़ित केशव राम देवांगन ने प्रेस को बताया कि खुज्जी के समीपस्थ ग्राम साल्हे निवासी कृषक रामनरेश साहू पिता स्व. चेतन साहू उम्र 56 वर्ष ने उनसे संपर्क कर अपने गृह ग्राम साल्हे स्थित अपने स्वामित्व की जमीन को बेचने का प्रस्ताव रखा था, जिस पर केशव देवांगन उसकी जमीन को खरीदने के लिए तैयार हो गया। ग्राम साल्हे प.ह.नंबर 65 रा.नि.मं. खुज्जी तहसील छुरिया स्थित भूमि खसरा नंबर 529/1, 528/1, 529, 528/3, 294/4 एवं 253/3 कुल खसरा 07 रकबा क्रमशः 0.50, 0.87, 0.17, 1.26, 1.00, 0.75 कुल रकबा 6.30-5.535 हेक्टेयर लगानी 4.75 पैसा कृषि भूमि को एक लाख 25 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से उपरोक्त अपने समस्त कृषि भूमि 6.30 एकड़ =5.535 हेक्टेयर को कुल कीमत सात लाख 87 हजार 500 रूपए में विक्रय करने का पक्का सौदा रामनरेश साहू द्वारा किया गया। इसके एवज में आठ अप्रैल 2017 को केशव देवांगन ने भूमि स्वामी रामनरेश को बयाना के रूप में एक लाख 60 हजार रूपए नगद और 65 हजार रूपए का चेक (बैंक आफ इंडिया शाखा राजनांदगांव का चेक क्रमांक 075454) प्राप्त कर साक्षियों की मौजूदगी में इकरार नामा उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय हेतु किया गया।

पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

उन्होंने बताया कि वर्तमान में भूमि गणेश राम हल्बा के नाम पर दर्ज है और कैफियत कालम में वर्ष 2011 एवं 2014 से बैंक में बंधक की प्रवृष्टि दर्ज है। इस तरह रामनरेश साहू और गणेश राम हल्बा द्वारा छलपूर्वक पहले से ही बंधक जमीन को फर्जी तरीके से बिक्री कर उसे यानि केशव राम देवांगन से धोखाधड़ी की गई है, जो आपराधिक कृत्य है। श्री देवांगन ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने डोंगरगांव थाने में और पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को एक मार्च 2021 को आवेदन देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी, किंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण दोनों आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पुनः निवेदन किया है कि इस फर्जीवाड़ा की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर जमीन खरीदने हेतु बयाना के तौर पर दी गई राशि को वापस दिलाई जाए।

पीड़ित किसान का सवा दो लाख रूपए डूबा

पीड़ित कृषक केशव राम देवांगन ने बताया कि रामनरेश साहू द्वारा निष्पादित इकरार नामा में सौदा भूमि को 8 अप्रैल 2017 से 11 माह में पंजीयन कराने का करार किया था और उपरोक्तानुसार बयाना व नगद राशि भी केशव राम देवांगन ने रामनरेश साहू को रूपए दिया था। इसके बाद केशव राम देवांगन ने निर्धारित अवधि में रामनरेश साहू को कई बार सौदा शुदा भूमि का पंजीयन (रजिस्ट्री) कराने का निवेदन किया, किंतु शीघ्र पंजीयन कराने का झांसा रामनरेश साहू द्वारा दिया जाता रहा। इस बीच रामनरेश साहू के छल-प्रपंच को देखते हुए केशव राम देवांगन द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से 22 मई 2018 और 26 फरवरी 2019 को सौदा शुदा जमीन के पंजीयन हेतु नोटिस भेजा गया, जिसे रामनरेश साहू द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया, उसके बाद केशव राम देवांगन द्वारा इस मामले को लेकर स्थानीय एक अखबार में आम सूचना का प्रकाशन कराकर रामनरेश साहू को सौदे वाली जमीन का पंजीयन कराने आगाह किया गया। उसके बाद रामनरेश साहू द्वारा केशव राम देवांगन को बार-बार शीघ्र पंजीयन कराने का झूठा आश्वासन दिया जाता रहा। अनावेदक रामनरेश साहू ने क्रेता केशव राम देवांगन से बयाना के रूप में एक लाख 60 हजार रूपए नकद और 65000 रूपए चेक से प्राप्त किया है, किंतु बाद में धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से चेक को वापस लौटाकर 65000 रूपए को केशव देवांगन से नगद प्राप्त किया।

पहले से बैंक में बंधक है बेची गई जमीन

पीड़ित केशव देवांगन ने बताया कि आरोपी भूमि स्वामी रामनरेश साहू द्वारा उसके साथ पहले जमीन का सौदा कर और बयाना की राशि के बाद रजिस्ट्री भी नहीं कराई और उसी बीच उसने उसी जमीन को बालोद जिले के डौंडी लोहारा तहसील अंतर्गत ग्राम नरसूटोला थाना मनचुवा निवासी गणेश राम पिता सोनसाय हल्बा के पास बेच दिया। चूंकि जमीन का सौदा होने के बाद मूल ऋण पुस्तिका को रामनरेश साहू केशव देवांगन को दे चुका था, इसलिए उसने उसने ऋण पुस्तिका गुम होना बताकर झूठा शपथ पत्र देकर दूसरी ऋण पुस्तिका बनवाकर दूसरे नंबर के क्रेता गणेश राम हल्बा को दे दिया। जब पीड़ित केशव देवांगन द्वारा वर्ष 2019-20 का खसरा पी-2 पांच साला की नकल प्राप्त किया, तब जानकारी हुई कि सौदा शुदा भूमि को 25 जुलाई 2014 से देना बैंक आमाटोला में रामनरेश साहू द्वारा बंधक रखा गया है और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डोंगरगांव में 10 अगस्त 2011 से बंधक है। इस तरह पहले से ही बैंकों में बंधक भूमि को आठ अप्रैल 2017 को जमीन को सही सलामत बताकर और गिरवी व बंधक नहीं है बताकर इकरार नामा किया गया।

विधायक ने छात्राओं को बांटी साइकिल चाबी पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के तहत 37 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल आने जाने में सहुलियत होगी। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कक्षा नवमीं की 37 छात्राओं को साइकिल वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं मे शिक्षा के प्रति जुड़ाव करने में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से मिलने वाली साइकिल से छात्राओं को काफी फायदा हो रहा है। छात्राओं की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का भविष्य है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में अपना एक अलग नाम बनाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे वे अपने समाज, परिवार व देश को विकास के रास्ते पर एक नई पहचान दिला सकते हैं। वहीं छात्राएं साइकिल मिलने से खुश नजर आई। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से अब समय बचेगा। साथ ही स्कूल जाने आने में सुविधा मिलेगी। साइकिल से आने-जाने में थकावट नहीं लगेगी। समय बचत के साथ ही घर के अन्य काम और स्कूल के पढ़ाई-लिखाई के लिए भी ज्यादा समय मिलेगा।

चयन व प्रतीक्षा सूची जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। पंद्रहवे वित्त आयोग अंतर्गत हेल्थ ग्रांट्स के अधीन शहरी संस्थाओं में एमपीडब्ल्यू, स्टाफ नर्स, जूनियर सेक्रेट्रियल असिस्टेंट एवं चतुर्थ वर्ग पदों पर संविदा भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के प्राप्त अंक सहित चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइड में देखा जा सकता है।

शिवसेना ने निकाली भव्य रामनवमी शोभा यात्रा

भटगांव/नवप्रदेश। शिवसेना सारंगढ़ जिला इकाई द्वारा प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के दिशा निर्देश पर शिवसेना जिला प्रभारी गगन वैष्णव के नेतृत्व में भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई। सारंगढ़ जिला मुख्यालय से शोभा यात्रा बाइक रैली सारंगढ़ मां काली के दर्शन कर जिलेभर के सैकड़ों गांवों से होकर सरसींवा बिलाईगढ़ के बाद भटगांव नगर में पहुंची। इस दौरान गांवों व पूरा नगर जय जय श्री राम जय भवानी के नारों से गूंज उठा। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जैन रैली में शामिल हुए।

हाई स्कूल सोनबरसा के कक्षा 9वीं के बच्चों का परिणाम ऑनलाइन जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल सोनबरसा में डिजिटल रूप में कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। हाई स्कूल सोनबरसा डिजिटल तरीके से परीक्षा परिणाम जारी करने वाला जिले का पहला स्कूल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के प्राचार्य अमित मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक राहुल सिंह ठाकुर हमेशा कुछ नया और अच्छा करने की सोच रखते हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने इस बार परीक्षा परिणाम दसवीं बारहवीं बोर्ड की तर्ज पर ऑनलाइन लिंक के माध्यम से जारी किया गया। जिससे बच्चे अपना परीक्षा परिणाम घर बैठे रोल नंबर डालकर देख सके। इससे पूर्व सत्र आरंभ में विद्यालय के लिए एक स्मार्ट रजिस्टर नाम का मोबाइल ऐप उनके द्वारा बनाया गया था जिसमें विद्यालय के बच्चों से संबंधित समस्त प्रकार की जानकारी एक क्लिक में प्राप्त होती है। परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष कक्षा नौवीं के परीक्षा में कुल 44 छात्र दर्ज हुए थे। जिसमें से 30 छात्रों ने सफ लतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की तथा 14 छात्र पूरक आए हैं पूरक परीक्षा 16 जून के पश्चात लिया जाएगा 90.67 प्रतिशत लेकर प्रभा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार 86.67 प्रतिशत लेकर संतोषी डहरिया ने द्वितीय तथा 84.67त्न लेकर शिवरानी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बार कुल 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में और 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए सभी सफ ल विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इस डिजिटल परीक्षा परिणाम की सराहना किया गया। विद्यालय के परीक्षा परिणाम को बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आरक्षक पर ढाबा संचालक से अवैध वसूली का लगा आरोप

भटगांव/नवप्रदेश। भटगांव थाने में पदस्थ एक आरक्षक पर ढाबा संचालक से अवैध वसूली का आरोप लगा है। साथ ही हर महीने 7 हजार रुपए मंथली कमीशन फिक्स करने का सनसनीखेज आरोप लगाए गए हैं। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी द्वारा जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। धोबनीडीह के एक ढाबा संचालित है। इसके संचालक राजू बर्बन हैं। जिन्होंने भटगांव थाने में पदस्थ आरक्षक गीता भास्कर पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए डरा धमका कर पैसे लेने की बात कही है। यही नहीं, पैसे सीधे फोन पे के माध्यम से एकाउंट में डलवाया गया है। इसके सबूत भी ढाबा संचालक ने पेश किए है। आरक्षक पर आरोप है कि उसके द्वारा हर माह 7 हजार रुपए देने की शर्त पर ढाबे में शराब बेचने की छूट दी गई है। 7 हजार रुपए मंथली कमीशन मिलने पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन भी दिया गया है। बता दें कि आरक्षक गीता भास्कर की अक्सर पेट्रोलिंग में डयूटी रहती हैं। पूर्व में पेट्रोलिंग गाड़ी कही दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिससे गाड़ी डैमेज हो गई थी। इसके सुधार के लिए आरक्षक द्वारा ढाबा संचालक से दस हजार रुपए मांगें गए थे। जिससे परेशान होकर ढाबा संचालक ने आरक्षक के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर भटगांव थाना में शिकायत की है। इस संबंध में जब भटगांव थाना प्रभारी राजेश साहू से बात की गई तो उन्होंने कहास कि इस मामले में जांच के बाद आरक्षक पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा में सतनामी समाज से प्रतिनिधि भेजने की मांग

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्य सभा के दो सीट रिक्त हो रहें हैं। राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा एवं रामविचार नेताम के कार्यकाल पूर्ण होने के बाद यहां दोनों सीटों पर बहुमत के आधार पर कांग्रेस का ही राज्य सभा सदस्य बनना तय माना जा रहा है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे ने खाली हो रहे राज्यसभा के एक सीट पर सतनामी समाज के स्थानीय योग्य व्यक्ति को राज्य सभा में भेजने की मांग की है। राज्यसभा में अभी सतनामी समाज अनुसूचित जाति को छोड़कर सभी वर्ग का प्रतिनिधित्व है। ऐसे में सतनामी समाज से एक सीट पर प्रतिनिधित्व देने की मांग किया है। पिछले वर्षों में लंबे समय तक समाज का राज्यसभा में एक सदस्य निर्वाचित होते रहा है। सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले ने छग राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पीएल एल पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मांग करते हुए दोनों सीटों पर छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी को भेजने जिसमें सतनामी समाज के किसी योग्य व्यक्ति को राज्यसभा के एक सीट में भेजने की मांग किया है। संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे ने बताया कि प्रगतिशील छग सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले के नेतृत्व में जल्द मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पी एल पुनिया से मिलकर इस संबंध में मांग पत्र सौंपेंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को मांग के कापी मेल के माध्यम से भेजेंगे तथा मुलाकात के लिए समय की मांग करेंगे। सतनामी समाज के लिए राज्य सभा सदस्य के लिए एक सीट की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से प्रगतिशील छग सतनामी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे, प्रदेश महासचिव एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष आरपी भतपहरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष समेत अन्य शामिल हैं।

कोविड वेरिएंट एक्स-ई का खतरा टालने को मास्क और टीकाकरण पर जोर

■ **मास्क, शारीरिक दूरी तथा हाथों को सैनेटाइज करने जैसे आवश्यक नियम लागू**

कबीरधाम/नवप्रदेश। कोविड-19 के मामले हालांकि जिले में गिनती के ही हैं, लेकिन इसके नए वेरिएंट एक्स-ई का संक्रमण न हो इसके लिए अभी से प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। कोविड संक्रमण से बचाव के लिए मास्क, शारीरिक दूरी तथा हाथों को सैनेटाइज करने जैसे आवश्यक नियम जिले में फि र अनिवार्य कर दिए गए हैं। वहीं कोविड टीकाकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। कोविड के प्रकरण कुछ राज्यों में तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं वर्तमान में कबीरधाम जिले की स्थिति अच्छी है, लेकिन पंडरिया से 2 केस पॉजिटिव पाए गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर रमेश शर्मा के दिशा-निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है। आमजन से भी सतर्कता बरतने के लिए लगातार अपील की जा रही है। इससे पहले बीते वर्षों में कोविड संत्रक्रमतों के निधन का राज्य स्तरीय डेटा

समीक्षा करने पर यह पाया गया है कि कोविड टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों को दुखद एवं गंभीर परिस्थितियों का अधिक सामना करना पड़ा है। इसे गंभीरता से लेते हुए कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। सीएचएमओ डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि कोविड महामारी से बचने के लिए मास्क का अनिवार्य उपयोग, शारीरिक दूरी का पालन, भीड़ में जाने से बचने के साथ-साथ कोविड टीकाकरण अति-आवश्यक है। इससे स्वयं के साथ ही समाज और बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है। वहीं नए वेरिएंट एक्स ई को फैलने से बचाव के लिए गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करना जरूरी है। इसी तरह कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लक्ष्य अनुरूप विभिन्न आयु वर्ग के सभी पात्र लोगों का टीकाकरण भी किया जा रहा है। टीकाकरण कार्यक्रम में अब 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को भी शामिल किया गया है। सभी से अपील की जा रही है कि वे कोविड टीका अवश्य लगवाएं और गाइडलाइन के अनुरूप उचित अंतराल के बाद दूसरा डोज भी अनिवार्य रूप से लें। जिले में अब तक 92 प्रतिशत लोगों को कोविड टीका का पहला डोज लग चुका है। वहीं सेकेंड डोज केवल 80 प्रतिशत लोगों ने लगवाया है। इसी प्रकार 12 से 17 आयु वर्ग के बच्चों व किशोर-किशोरियों को भी अब टीका लगाना है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। शासन की ओर से कोरोना वारियर्स, फ्रं ट लाइन वर्कर्स व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोविड के दूसरे डोज के 9 माह बाद प्रिकॉशन डोज की शुरुआत भी कर दी गई है। इस वर्ग के संबंधित लोगों को प्रिकॉशन डोज अवश्य लगवाने की अपील की जा रही है। टीकाकरण का सभी डोज लगवाने से ही इसका लाभ मिल सकेगा।

बाइक सवार युवक ट्रक से टकराया, मौके पर मौत

बोड़ला/नवप्रदेश। चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 30 में पार्क पागवाही व ग्राम राजाधार के बीच मोड़ में एक बाइक सवार अधेड़ ट्रक से टकरा गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना पर डायल 112 की टीम घटनास्थल पर तत्काल पहुंच युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डायल 112 की गंगाराम धुर्वे व चालक मुकेश मांगरे ने बताया कि अनंत सिंह धुर्वे पिता लोक सिंह मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के ग्राम परसामऊ में मांदी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वापस लौटते वक्त हादसा हुआ।

न्यायालय तहसीलदार पिथौरा
जिला महासमुन्द (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2021-22
ग्राम-बल्दीडीह, तहसील पिथौरा

उद्घोषणा

क्र./2097/क/वाचक/2021 दिनांक 27.4.22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नाथूराम पिता सुरीत राम, उम्र 77 वर्ष जाति कलार निवासी ग्राम बल्दीडीह तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) ने न्यायालय में आवेदन पेश कर लेख किया है कि आवेदक नाथूराम पिता सुरीत राम के नाम से ग्राम बल्दीडीह प.ह.नं. 57, रा.नि.मं. पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) में कृषि भूमि दर्ज है, जिसका खसरा नं. 37, 255, 465, 467 कुल खसरा 04 रकबा क्रमशः 5.95, 0.05, 0.890, 0.56 हे. कुल रकबा 7.45 हे. ऋण पुस्तिका क्र. 246781 अंकित है। आवेदक उपरोक्त खसरा रकबा की भूमि का बंटवारा पारिवारिक व्यवस्था के तहत अपने पुत्रों को जीवन यापन के लिए सदा सर्वदा के लिए प्रदान कर दिया हूं। पुत्रियां उपरोक्त भूमि से अपना हिस्सा नहीं लेना चाहती है। उपरोक्त खसरा रकबा भूमि का खाता विभाजन नहीं होने से कृषि कार्य, खाद बीज, ऋण धान विक्रय करने में असुविधा हो रहा है। आवेदक ने पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार खाता विभाजन किए जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर/ दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी दिनांक 27/05/2022 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात अवधि पर प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं होगा।

आज दिनांक 27/2/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया।

सील

तहसीलदार
पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एमआईजी-I भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एमआईजी-I/17 में श्री संतोष कुमार शर्मा पिता श्री शंकर प्रसाद शर्मा को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा 6.11.08 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त बवन के विक्रय हेतु दिनांक 25.3.2022 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती उषा देवी अग्रवाल पति श्री राधेश्याम अग्रवाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

चार विपत्तिग्रस्त परिवार को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया एसडीएम द्वारा चार विपत्तिग्रस्त परिवारों को 1 लाख की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृत दी गई है। इसके तहत तहसील पंडरिया के ग्राम लखनपुर निवासी देवसिंह की टोयटा कार वाहन चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारने से सड़क दुर्घटना में मौके स्थल पर ही मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त नरेन्द्र कुमार को, ग्राम रमतला निवासी भव्यांश की हाईवा वाहन चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारने से सड़क दुर्घटना में मौके स्थल पर ही मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त जितेन्द्र साहू को, बोड़ला तहसील के ग्राम खरिया निवासी दिलीप पात्रे की ग्राम दशरंगपुर गुड़ फैक्ट्री के पास विपरित दिशा से आ रही मोटर सायकल चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारने से सड़क दुर्घटना में मौके स्थल पर ही मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त सुष्मिता को और मुंगेली जिला के फ ास्टरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम तवरपुर निवासी गोवर्धन बघेल कुण्डा से अपने घर वासप जाते हुए लोखान मोड़ के आगे ग्राम ओड़ा डबरी में रोड़ किनारे खड़े बैलगाड़ी से टकरा जाने से ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त सालिकराम बघेल को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत दी गई है।

कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन उपसचिव
छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
-:: अधिसूचना ::-

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 201809221800002 गरियाबंद, दिनांक /02/2022

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित निजी भूमि की छैला व्यपवर्तन योजनांतर्गत नहर निर्माण कार्य हेतु भू-अर्जन के लिए आवश्यकता है। अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् द्वारा अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन- 01/- जिला गरियाबंद 02/- तहसील-मैनपुर 03/- ग्राम/नगर- स्याहीडोगरी 04/- क्षेत्रफल -3.02 हे.

स. क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	ख. क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	स. क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	स. क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	62/2	0.28	4	39	0.36	7	41/2	0.12	10	47	0.13
2	17/1	0.29	5	40	0.47	8	44	0.35	11	48	0.02
3	17/2	0.14	6	41/4	0.25	9	45	0.61	कुल खसरा नंबर 11 कुल रकबा 3.02 हे.		

05/- भूमि का नक्शा/प्लान का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।
06/- प्रस्तावित भूमि अर्जन में किसी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार
(नम्रता गांधी)
कलेक्टर गरियाबंद
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-90659/2

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील निपनिया
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
- फर्द प्रकाशन -

रा.प्र.क्र. 202102211900019 अ-27/ 2020-21 ग्राम - धनेली प.ह.नं. 26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र वर्मा पिता स्व. भगतू वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम मल्दी तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम धनेली प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि कुल खसरा नं. 07 योग रकबा 2.1660 हे. लगान 7.56 रु. राजस्व अभिलेख में राजेन्द्र, ओमप्रकाश पिता भगतू जाति कुर्मी के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि को बराबर-बराबर दो भागों में हल्का पटवारी से फर्क बंटवारा सूची मय प्रस्तावित नक्शा लिया जाकर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 29/4/22 को सुनवाई हेतु नियत है।

हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्क निम्नानुसार है :-

फर्द बंटवारा
ग्राम धनेली प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

खातेदारों का विवरण	भूमि का विवरण			पक्ष क्रमांक 01 — राजेन्द्र पिता भगतू जाति कुर्मी सा. मल्दी भूमिस्वामी			पक्ष क्रमांक 02 — ओमशंकर पिता भगतू जाति कुर्मी सा. मल्दी भूमिस्वामी		
	ख.नं.	रकबा	लगान	ख.नं.	रकबा	लगान	ख.नं.	रकबा	लगान
राजेन्द्र वो ओमशंकर पिता भगतू जाति कुर्मी सा. मल्दी भूमि स्वामी	34/3	0.526	5.50	-	-	2.75	34/3	0.526	2.75
	34/5	0.291	-	-	-	-	34/5	0.291	-
	34/6	0.131	-	-	-	-	34/6	0.131	-
	36	0.174	-	36	0.174	-	-	-	-
	39/2	0.340	-	39/2	0.340	-	-	-	-
	39/3	0.170	-	39/3	0.170	-	-	-	-
	126/4	0.534	-	126/4 का टु.	0.399	-	126/4 का टु.	0.135	-
योग	07	2.166	5.50	4	1.083	2.75	4	1.083	2.75

जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक .... तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
निपनिया

स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की जरूरत : उपाध्याय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नीति आयोग के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी आशीष उपाध्याय ने आकांक्षी जिला राजनांदगांव के विभिन्न संकेतक के संबंध में समीक्षा बैठक ली। नीति आयोग के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी आशीष उपाध्याय ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जिले की चुनौतियों को चिन्हांकित करते हुए इसके समाधान के लिए रणनीति तैयार करें। कोविड-19 के दौरान स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। हमें इन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की जरूरत है। विविध आयामों किए जा रहे कार्यों का विश्लेषण करें, आवश्कता अनुरूप परितर्वन करते हुए लक्ष्य प्राप्त करें। आकांक्षी जिलों की प्रगति अन्य जिलों की तुलना में और अधिक तेज गति से होना चाहिए। इसके लिए समन्वित तरीके से कार्य करने की जरूरत है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए विशेष रूप से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय है। बैंक सखी द्वारा वित्तीय क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी इंडिकेटर्स की एन्ट्री के लिए नीति आयोग की ओर से प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जा सकता है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि आकांक्षी जिला राजनांदगांव की डेल्टा रैंकिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में लगातार कार्य किए गए हैं। जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के अंतर्गत कार्य करते हुए सघन सुपोषण अभियान चलाया गया है और मानपुर, मोहला तथा छुईखदान में सुपोषण की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा धान के बदले अन्य फसल को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है और समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। जिसके कारण अन्य फसलों के रकबे में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हुई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य जारी है और 6 बसाहटों तक आईटीबीपी की सुरक्षा एवं निगरानी में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के निर्माण से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आए हैं और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है। कोविड-19 संक्रमण के दौरान बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए भी कार्य किया जा रहा है। धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से कम कीमतों पर जनसामान्य को दवाईयां उपलब्ध की जा रही हैं। लगभग 83 प्रतिशत नागरिकों को कोविड वैक्सीन का टीका लग चुका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामाटोला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी शंकरपुर को एनक्यूएएस सर्टिफाईड किया गया है। वहीं डिजिटल हेल्थ आईडी कार्ड में जिले का देश में तीसरा स्थान है। मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मलेरिया, एचआईवी, टीबी टेस्ट, कुष्ठ रोग का भी टेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले के नक्सल प्रभावित दूरस्थ अंचल मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हमर लैब की स्थापना की गई है। जहां निःशुल्क 80 पैथोलॉजी सेवाएं दी जा रही है। आरोहण बीपीओ सेंटर के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

17 साल का वनवास खत्म, नपं छुईखदान में कांग्रेस का कब्जा

छुईखदान/नवप्रदेश। लगातार सत्रह साल का वनवास झेलने के बाद एक बार फिर से इस नगर पंचायत में कांग्रेस का परचम लहराने और कांग्रेस के धाकड़ नेता पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पार्षद संजय महोबिया के नगर पंचायत अध्यक्ष बनने से नगरवासियों को पुनः एक बार फिर से नगर विकास होने की आस बंधी है। इससे तीन पूर्व नगर के मतदाताओ ने भाजपा के नौ उम्मीदवारों को विजयी बनाकर नगर विकास की जवाबदारी सौंपकर नगर पंचायत भेजा था परन्तु इन वर्षो मे सत्ता पक्ष आपसी खींचतान में ही समय गंवा दिया फिर एक राजनीतिक घटनाक्रम और नगर विकास के आत्मबोध के चलते कांग्रेस व भाजपा के पार्षद संयुक्त रूप मिलकर विकास की चाह मे तत्कालीन अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाकर पदच्युत कर दिया तब से उक्त पद रिक्त चला आ रहा था और विकास कार्य रूक सा गया था। इस बीच दो पार्षद कांग्रेस के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस में शामिल हो गए है। इस तरह अब नपं सदन में कांग्रेस बहुमत में दिखाई दे रही है। इसी बीच शासन की ओर से कार्यवाई करते हुए महोबिया को नगरीय प्रशासन की अनुशंसा व आदेश से कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। ज्ञात हो कि संजय महोबिया दशकों से कांग्रेस की पूरी ईमानदारी से सेवा करते आ रहे हैं। लगातार चुनावों में विजयी होकर जनता की सेवा भी कर रहे। जिसकी जानकारी कांग्रेस आलाकमान को भी थी खासकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को माना यही जा रहा है कि श्री महोबिया को उनकी कांग्रेस व जनता की सेवा से प्रसन्न व प्रभावित होने के परिणाम स्वरूप उक्त जवाबदारी सौपी गई है। कार्यक्रम को संबोधीत करते हुए नवनिर्वाचित विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि इस बार जीत विकास की हुई है भूपेश बघेल पर सबको भरोसा है। यहां की जनता विकास के सपने देखकर परेशान हो गए थे अब विकास होगा। नगर की विकास में नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास को नई दिशा देंगे। कार्यक्रम को गिरवर जंघेल लाल तारकेश्वर खुसरो सज्जाक खान संजय महोबिया ने भी संबोधीत किया।

घर घूसकर मारपीट, आरोपी युवक गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। रात के समय घर में घुसकर गाली गलौच करने व मारपीट करने वाले आरोपी युवक को महिला की शिकायत पर गिरफ्तार कर रिमांड में भेज दिया है। शहर थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि धारा 294, 506 ,323 452 के प्रकरण में आरोपी छोटू उर्फ टिकेश्वर देवांगन परशुराम वार्ड भाटापारा को महिला की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात 10-00 बजे आरोपी छोटू देवांगन द्वारा मेरे पति को मां बहन की गालिया देते हुए घर अंदर घुस कर अश्लील गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया है। रिपोर्ट पर आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत
आरोपी वाहन चालक मौके से फरार

छुईखदान/नवप्रदेश। सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना छुईखदान थाना क्षेत्र की है। पुलिस मर्ग व जुर्म दर्ज कर आरोपी चालक की पतासाजी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, नगर के प्रतिष्ठित हवलदार महोबिया परिवार की बेटी संतोषी पति रमेश अपने पुत्र पंकज के साथ साजा बेमेतरा से अपने मायके छुईखदान आयी हुई थी। बुधवार की शाम छुईखदान की ओर आ रही थी और कांशी नाला पार करते ही मोड पर छुईखदान से गंडई की ओर जा रही अनियंत्रित वाहन द्वारा ठोकर मार दी। इससे मौके पर ही संतोषी व उसके पुत्र पंकज की मौत हो गई। वाहन टाटा योद्धा ष्द 08 ड्डद्व 2880 ग्राम लालपुर गंडई का बताया जा रहा है तथा घटना को अंजाम देने के बाद से चालक व परिचालक फरार है जिनकी पुलिस को तलाश कर रही है।

फिर पकड़ाया नगर का महशूर सट्टा खाईवाल राकेश

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस ने एक बार सट्टा पट्टी के साथ राकेश केशरवानी को पकड़कर उसके कब्जे से नकदी 2650 एवं सट्टा पट्टी एवं एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल जब्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में भी राकेश के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। शहर थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि एसएसपी दीपक झा के मिले निर्देश के बाद मुखबीर की सूचना पर माता देवालय वार्ड में अपने घर के सामने गली में रकम लेख कर अधिक रकम मिलने का लालच देकर सट्टा जुआ खेलाने की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी राकेश केशरवानी पिता नारायण केशरवानी 40 साल साकिन माता देवालय वार्ड भाटापारा को पकड़ा गया।

15वें वित्त मद राशि की बंदरबांट से पंचायतों में विकास कार्य ठप

देवभोग/नवप्रदेश। पंचायत पर छोटे बड़े भ्रष्टाचार में अंकुश लगाने के लिए जियो टैगिंग सहित ऑनलाइन प्रक्रिया की पहल के बाद भी भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग रहा है। जिसका प्रमुख कारण भ्रटाचार से कमाई का कुछ अधिकारी को चढ़ाने को माना जाता है। तभी 10 साफ-सफाई में हजारों रुपए आहरण कर देते हैं। ऐसे ही मामला ग्राम पंचायत मौखागुड़ा में देखने को मिला है। जहां 15वें वित्त मद के तहत गली सफाई के नाम पर 80 हजार रुपए निकाल कर हजम कर दिया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री सड़क से तुलाराम के घर तक 48 हजार 786 रुपए एफटी ओ के माध्यम से निकाल लिया है। इसके अलावा बड़े तालाब मे पचरी निर्माण के नाम पर भी 36 हजार से अधिक राशि निकाल ली गई। पंचायत द्वारा कराए काम की उच्च स्तरीय जांच के लिए मांग की जा रही। बता दें की 15वें वित्त मद से पेयजल स्वच्छता सहित निर्माण कार्य में राशि को खर्च के लिए निर्धारित है। लेकिन अफसोस की बात है इस पंचायत के सरपंच सचिव गाइडलाइन का फायदा उठाकर अपनी मनमर्जी अनुसार काम कर राशि की बंदरबांट कर विकास कार्य को ठेंगा दिखा रहे। और बंदरबांट की कुछ राशि जनपद के छोटे-बड़े कर्मचारी तक पहुंचने की बात कही जाती है। तभी बिना जमनी हकीकत देखें पूरी-पूरी राशि एफटीओ के माध्यम से निकाल लेते हैं। बस्ती पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने बताया की बैठक ग्राम सभा सहित अन्य कार्यकर्म के दौरान पंचायत की आय-व्यय की जानकारी बिल्कुल नहीं दी जाती है। जिसके खिलाफ जनपद सीईओ से शिकयत भी की जा रही, लेकिन शिकायत और कार्यवाही जनपद से शुरू होकर जनपद पर ही खत्म कर दिया ऐसे में स्थानीय अधिकारियों से कार्यवाही की उम्मीद फिजूल मानते हैं।

साढ़े 19 लाख की अफरा-तफरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस ने अमानत में खयानत करने के एक मामले में प्रार्थिया की शिकायत पर उनके ही मिल के कर्मचारी आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थिया ने लगभग साढ़े 19 लाख की अफरा-तफरी करने का आरोप युवक पर लगाया है। शहर थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि मधु अग्रवाल पति राजेश अग्रवाल सदर बाजार ने लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी कि फर्म कामधेनु पल्सेस में विक्की मोटवानी पिछले एक साल से कामधेनु पल्सेस फर्म में काम कर रहा था जो व्यापारियों से पैसा वसूलने के बाद कामधेनु पल्सेस फर्म में रकम जमा करता था जो विभिन्न व्यापारियों से लगभग 19,53,030/ रुपए की वसूलने के बाद विक्की मोटवानी द्वारा वसूली रकम फर्म में जमा नहीं किया। पीड़िता द्वारा रकम जमा करने बोलने पर जान से मारने की धमकी एवं फर्म को बरबाद कर देने की धमकी देता था। लिखित रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में धारा 408, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विक्की मोटवानी उर्फ कन्हैया मोटवानी पिता किशोर मोटवानी 40 साल साकिन मातादेवालय वार्ड भाटापारा को पकड़कर आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उक्त रकम को आईपीएल सट्टा में खर्च करना और खाने पीने में खर्च करना बताया। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक इलेवन पर भारी पड़ा विधायक इलेवन, 32 रनों से हराया

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजा नरवर साय समिति नवागढ़ के तत्वावधान में रात्रि कालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता एमएलए ट्रॉफी 2022 का शानदार आतिशबाजी के साथ अतिथियों की उपस्थिति में शुरुआत हुआ। उद्घाटन मैच नवागढ़ हाई स्कूल मैदान में एमएलए इलेवन नवागढ़ और एसपी इलेवन बेमेतरा के मध्य हुआ जिसमें एमएलए इलेवन ने 32 रनों से जीत दर्ज की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरूदयाल सिंह बंजारे रहे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप के एसपी बेमेतरा धर्मेंद्र छवई उपस्थित रहे। संसदीय सचिव ने मैदान में जाकर बल्ले व गेंद पर हाथ भी आजमाए। उन्होंने कहा कि खेल का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है।

खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनन्द देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से स्थानीय खिलाड़ी का निखाड़ बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवों से भी निकल कर देश का नाम रोशन कर सकता है। उद्घाटन मैच में एमएलए इलेवन के लिए मैदान में कप्तानी अमित जैन ने की और मैदान के बाहर का मोर्चा हेमकांत यादव ने संभाल रखा था तो वहीं एसपी इलेवन का मोर्चा नवागढ़ टीआई अजय सिंहा ने संभाला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएलए इलेवन ने 8 ओवरों में 4 विकेट खोकर ताबड़तोड़ 94 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें राजा खान ने ताबड़तोड़ 32 रन एवं ओपनर देवेंद्र साहू ने 29 रनों का योगदान दिया। दोनों ने अपनी पारी में 4-4 गगनचुंबी छक्के लगाए। एमएलए इलेवन द्वारा खड़ा किए गए 94 रनों के स्कोर के जवाब में एसपी इलेवन की टीम 8 ओवरों में 5 विकेट पर महज 62 रन ही बना पाई और यह मैच 32 रनों से हार गई। मैन ऑफ द मैच राजा खान को चुना गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जब औद्योगिक क्षेत्र ...

तेजी से विस्तार होगा। प्रदेश में उद्यमों को आगे बढ़ाने के लिए अधोसंरचना के क्षेत्र में और नीतियों के क्षेत्र में हरसंभव सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है और इस पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुआ ने प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य और रेल पार्क के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रेल पार्क में 22 भूखंड हैं। इसमे अधोसंरचना की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फूड पार्कों की स्थापना की दिशा में उद्योग विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इससे कृषि प्रधान हमारे राज्य का तेजी से आर्थिक विकास हो सकेगा।

चुप है पर निष्क्रिय ...

चली आ रही गुटबाजी को खत्म करने की कोशिश करते हुए उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। उदयभान को भूपिंदर सिंह हुड्डा का करीबी माना जाता है और दलित समुदाय से आते हैं। ऐसे में उनकी नियुक्ति को जाट समुदाय और दलितों के बीच संदेश देने के लिए अहम माना जा रहा है।

कमलनाथ ने मध्य...

कमेटी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कमलनाथ ने पार्टी के एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत के तहत विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से त्यागपत्र देने की पेशकश की थी। कमलनाथ कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। मध्य प्रदेश में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पूर्वोत्तर के कई

चिकित्सा विज्ञान और कृषि कॉलेजों तथा एक मॉडल सरकारी कॉलेज की नींव रखी।

असम से 23 जिलों से हटा अफस्पा

पीएम मोदी ने कहा असम में, यह अब तीन दशकों से अधिक समय से लागू है। स्थिति में सुधार न होने के कारण पहले की सरकारें इसके प्रवर्तन को बार-बार बढ़ा देती थीं। लेकिन हाल के वर्षों में, जमीनी स्थिति में सुधार के कारण असम के 23 जिलों से अफस्पा हटा दिया गया है। हम राज्य के अन्य हिस्सों में स्थिति को सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वहां से भी अफस्पा को हटाया जा सके।

राजद्रोह कानून : सुको ...

अंतिम सुनवाई पिछले साल जुलाई में हुई थी.

कानून की वैधता को चुनौती चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने केंद्र द्वारा जवाब न दायर करने पर सुनवाई टालने के आग्रह पर यह निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा है कि अब किसी भी वजह से सुनवाई टाली नहीं जाएगी. कोर्ट ने कहा अगली सुनवाई (5 मई) को दिनभर होगी।

350 करोड़ की...

राज्यों में स्थित भारत-अफगान गैंग, जिसका उत्तर भारतीय क्षेत्रों के साथ-साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित अन्य देशों में संबंध हैं, के साथ जुड़ा हुआ मामला है। सिंह ने कहा कि हेरोइन की तस्करी अंतरराष्ट्रीय तस्करों द्वारा समुद्र और जमीन मार्गों से कपड़ा, मसाले और अन्य सामानों के आयात की आड़ में भारत में की जा रही थी।

भीषण और छोटे अभियानों ...

की समीक्षा करनी चाहिए। इसके लिए जरूरत आधारित इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आपूर्ति में बाधाओं को दूर करने तथा आपूर्ति श्रंखला को बनाये रखने के लिए खरीद रणनीति पर भी नये सिरे से विचार किये जाने की जरूरत है।

देश में शुरू हो चुकी...

36,000 लोगों से प्रतिक्रियाएं ली गई। लोकलसर्किल के संस्थापक सचिन तापरिया ने बताया, हमारे सर्वेक्षण में 3 में से 1 भारतीय ने माना है कि अप्रैल माह में ही कोरोना की चौथी लहर शुरू हो चुकी है, जबकि 3 में से 2 अभी ऐसा नहीं सोचते हैं।

5वीं के छात्रों को दी विदाई

खरोरा/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक विद्यालय मटियाडीह में कक्षा 5वीं में पढ़ रहे छात्रों को विद्यालय परिवार द्वारा विदाई दी गई। समारोह में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित साहू द्वारा यहां से सीखी बातों को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। प्रधान पाठक विष्णुगिरी गोस्वामी ने कहा कि इस विदाई से हमें दुःख इसलिए हो रहा है कि हमारे बच्चे जो इतना दिनों तक हमारे साथ रहे ओ सब इस परिवार को छोड़ कर जा रहे है और खुशी इस बात के लिए है कि ये बच्चे अपने जीवन पथ में आगे बढ़ने हेतु अग्रसर हो रहे हैं। शिक्षिका नीता वर्मा ने बच्चों से उनके अनुभव व शिक्षकों के अनुभव को साझा किया। विद्यालय परिवार के तरफ से विदाई हो रहे बच्चों को मिठाई व उपहार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में शाला समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण, रसोइया और विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व छात्रगण उपस्थित थे।

NAME CHANGE

I Hariom Agrawal S/o Sanjay Agrawal R/o 153/2, Ward No-12, Agrasen Chowk, Kharora (NP), Raipur, Chhattisgarh-493225, have changed my name to Shubham Agrawal.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर
भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-6/63 भूतल में श्री विनय कुमार सिंह पिता श्री सकलदेव सिंह को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 21.06.2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 14.03.2022 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/ भवन श्री विशाल कुमार सिंह पिता श्री हरी माधव सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भू-खण्ड/भवन/फ्लैट/दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन/ फ्लैट को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	भू-खण्ड/भवन/ फ्लैट/दुकान क्र.	क्र.	आबंटी का नाम	भू-खण्ड/भवन/ फ्लैट/दुकान क्र.
	सामान्य आवास योजना बोरियाकला रायपुर		**विशेष**	**आवासीय योजना धरमपुरा फेस-1 रायपुर**	
1	श्री राजेश पाली पिता श्री जगदीश प्रसाद पाली	रोजवुड-II/32	12	श्री अतुल कुमार अरूण पिता श्री अरविन्द कुमार अरूण	एच.आई.जी. भूखंड क्रमांक-27
2	सुश्री श्रेयसी (श्रेया) बैस पिता स्व. श्री सतीश बैस	रोजवुड-II/129	13	1. श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव पिता श्री शिव नारायण प्रसाद 2. श्रीमती मीनु श्रीवास्तव पति श्री अनुप कुमार श्रीवास्तव अटल आवास धनसुली रायपुर	एच.आई.जी. भूखंड क्रमांक- 158
3	श्रीमती अलोकलता नन्दी पति स्व. श्री एस.एन. नन्दी के द्वारा आम मु. श्रीमती तृष्णा गोड़बोले पति श्री रमेश कुमार गोड़बोले	रोजवुड-II/141			
4	1. श्री रमेश कुमार माता श्रीमती लालदाई देवी 2. श्रीमती गीता देवी पति श्री रमेश कुमार दोनों के आम मुख्त्यार श्री संत कुमार साहू पिता श्री समारू लाल साहू	पीपल-II/29	14	श्री प्रमेश कुमार देवांगन पिता श्री बाबूलाल देवांगन	अटल आवास भवन क्र.-49
5	श्रीमती सीमा रावत पति श्री विवेक रावत	पीपल-II/73		**सामान्य आवास योजना कचना फेस-I रायपुर**	
6	1. श्री अमित कुमार मानकानी पिता श्री कल्याणदास मानकानी 2. श्रीमती आशा मानकानी पति श्री कल्याणदास मानकानी	सेटान-I/06	15	श्री राजेन्द्र प्रसाद नौरंगे पिता स्व. रामा दास नौरंगे	एम.आई.जी. भवन क्र.-35
7	श्री गार्गी एजेकेशन फाउण्डेशन डायरेक्टर श्री रमेश कुमार सिंघानिया पिता श्री नत्थूलाल सिंघानिया	भू-खण्ड स्कूल भवन हेतु		**दीनदयाल आवास योजना सड्डू रायपुर**	
8	श्री लाईफबर्थ हॉस्पीटल पार्टनरशिप फर्म. पार्टनर 1. डॉ. जवाहर लाल अग्रवाल 2. श्रीमती सपना सिंघानिया 3. लाईफबर्थ डायग्नोस्टिक सेन्टर प्रा.लि. डायरेक्टर श्री अरूण कुमार केड़िया 4. मे. रत्नागर्भा स्वील प्रा.लि. डायरेक्टर रमेश कुमार सिंघानिया	भू-खण्ड स्वास्थ्य केन्द्र भवन हेतु	16	श्रीमती मुनमुन आश पति श्री आशीष कुमार आश	एल.आई.जी. भवन क्र.-149
			17	श्रीमती भावना शर्मा पति श्री राजकुमार शर्मा	एल.आई.जी. भवन क्र.-364
				सामान्य आवास योजना शंकर नगर रायपुर	
	सामान्य आवास योजना धरमपुरा रायपुर		18	श्री संत कुमार नेवले पिता स्व. श्री एन.बी. नेवले	एम.आई.जी.-63 सेक्टर- 01
9	श्री संजय बत्रा पिता श्री किशन चन्द्र बत्रा	ई.डब्ल्यू.एस. ब्लाक नं. 41 फ्लैट नं.07 प्रथम तल		**दीनदयाल आवास योजना बोरियाकला रायपुर**	
10	श्री धर्मेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री हिरालाल सोनी एवं श्री श्याम माखीजा पिता स्व. श्री भिमन दास माखीजा	ई.डब्ल्यू.एस. ब्लाक नं. 43 फ्लैट नं. 02 भू-तल	19	श्री नवीन कुमार मिश्रा पिता हरलाल प्रसाद मिश्रा	एल.आई.जी. ब्लाक क्र.-42 फ्लैट क्र. 663
	सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डुमरतराई रायपुर			**सामान्य आवास योजना सड्डू रायपुर**	
11	श्री अरविंद कुमार पिता स्व. श्री बिहारी लाल	ब सुविधा दुकान क्र. 67 भू-तल	20	श्री आनंद तिवारी पिता स्व. श्री घोकलचंद तिवारी	एम.आई.जी. डीलक्स-35

संपदा अधिकारी

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

गोवा में जीएसटी मुक्त होगी 'द कश्मीर फाइल्स'

पणजी (वार्ता)। गोवा में पिछले महीने कर मुक्त घोषित 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म को राज्य में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता के बाद यहां संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने फिल्म को जीएसटी मुक्त करने के लिए स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गोवा प्रदेश अध्यक्ष सदानंद शेत तनावड़े और अन्य सदस्यों के साथ 14 मार्च को फिल्म देखने के बाद फिल्म को राज्य में कर मुक्त करने की घोषणा की थी। डॉ सावंत ने कहा था कि युवा पीढ़ी को 90 के दशक की घटनाओं की जानकारी होनी चाहिए।

ईशा गुप्ता ने टाइगर श्रॉफ के साथ 'विसल बजा 2.0' पर किया डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने टाइगर श्राफ के साथ हीरोपंती 2 के गाना 'विसल बजा 2.0' पर डांस किया है।

टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'हीरोपंती 2' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में हीरोपंती 2 का नया गाना 'विसल बजा 2.0' रिलीज हुआ था। ईशा गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर टाइगर के साथ वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दोनों 'विसल बजा 2.0' पर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। ईशा ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'ये हीरोपंती 2 के लिए।' गौरतलब है कि फिल्म हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ बबलू के मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया और नवाजउद्दीन सिद्दिकी की भी अहम भूमिका है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 29 अप्रैल, 2022 को ईद के मौके पर रिलीज होगी।

पुणे के गायक को विश्व रिकॉर्ड बनाने पर सम्मानित करेंगे जितेंद्र

पुणे (वार्ता)। जाने-माने फिल्म अभिनेता जितेंद्र पुणे के गायक जितेंद्र भुरुक को 11 घंटों में किशोर कुमार के 89 गानों को गाने और पांच अलग-अलग थियेटरों में 135 गानों को गाने का विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए यहां रविवार को सम्मानित करेंगे। यह कार्यक्रम वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया द्वारा आयोजित किया गया है। श्री भुरुक यहां किशोर कुमार के गानों का अपना लोकप्रिय कार्यक्रम 'गीत गाता हूं मैं' प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में निशुल्क प्रवेश किया जा सकता है।

किरदार पर मेहनत करना पसंद करता हूं: अहलुवालिया

लखनऊ (वार्ता)। अपने दमदार अभिनय के दम पर दो दशकों से छोटे पर्दे पर अपनी चमक बिखेर रहे शबीर अहलुवालिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने की बजाय वह अपने किरदार पर मेहनत करने को ज्यादा तवज्जो देते हैं।

जीवी के आगामी धारावाहिक 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी आये अहलुवालिया ने बुधवार को यूनीवार्ता से बातचीत में कहा सोशल मीडिया में मुझे कोई खास रूचि नहीं है। यह मै तब यूज करता हूं जब खाली रहता हूं। ट्विटर, इंस्टाग्राम मुझे समझ में नहीं आते। मुझे अपना काम समझ में आता है। किरदार के मामले में थोड़ा चूजी हूं। काम वही करता हूं जो पसंद आये। अगर स्टोरी पसंद नहीं है। डायरेक्टर किरदार मे प्रामिस नहीं दिखाता तो नहीं करता हूं। वैल्यू एडीशन बहुत जरूरी है। काम पूरी शिद्दत से करता हूं। प्रोजेक्ट के अनुसार काम करता हूं। स्टोरी किरदार पसंद आये तो करना शुरू करता हूं।

अपने लंबे करियर में केवल दो बालीवुड फिल्में करने के सवाल पर उन्होने कहा काम वो करना चाहता हूं जो इंपेक्ट छोड़े।

न्यूज गैलरी

वीरेंद्र सचदेवा बने दिल्ली ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली तीरंदाज़ी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा दिल्ली ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सचदेवा ने अपने चयन के लिए दिल्ली ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष कुलदीप वत्स को धन्यवाद देते हुए कहा,'' उन्होंने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं इसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं। मैं पूरे समर्पण और निष्ठां के साथ इस जिम्मेदारी को पूरा करने की कोशिश करूंगा। ''

चोटिल अरशद ख़ान की जगह कुमार कार्तिकेय मुंबई इंडियंस में शामिल

मुम्बई (वार्ता)। मुंबई इंडियंस ने बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय को आईपीएल 2022 के बाक़ी बचे मैचों के लिए चोटिल अरशद ख़ान की जगह अपनी टीम में शामिल किया है। हालांकि अनकैप्ड बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ अरशद ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला था।

कार्तिकेय ने मध्य प्रदेश के लिए आठ टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने नौ विकेट लिए हैं। 2021-22 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में, वह 5.05 की इकॉनमी दर से पांच विकेट लेकर अपनी टीम से संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे। 24 वर्षीय कार्तिकेय ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और 19 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने क्रमशः 35 और 18 विकेट लिए हैं। कार्तिकेय 20 लाख की क़ीमत पर मुंबई टीम में शामिल हुए हैं। फिलहाल एम अश्विन, मयंक मार्कंडे और फैबियन एलन अन्य स्पिन-गेंदबाज़ी विकल्प हैं, जो मुंबई के पास हैं।

सीज़न की शुरुआत के बाद से लगातार आठ हार के साथ, मुंबई प्लेऑफ़ की दौड़ से बाहर हो गई है। उनका अगला मैच शनिवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ है।

यह मुकाबला हमारे लिए एक सबक है: विलियम्सन

मुम्बई (वार्ता)। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियम्सन ने गुजरात टाइटंस के हाथों कल आखिरी गेंद पर मिली पांच विकेट की हार के बाद इस मुकाबले को अपनी टीम के लिए एक सबक बताया। विलियम्सन ने मैच के बाद कहा,''एक टीम के तौर पर यह मुक़ाबला हमारे लिए एक सबक है। शशांक ने पहली पारी के अंत मे बेहतरीन फिनिश किया।

शेयर बाजार में लौटी तेजी



मुंबई (वार्ता)। वैश्विक बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार आज पिछले दिवस की गिरावट से उबरते हुए एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 701.67 अंक की छलांग लगाकर 57 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 57,521.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 206.65 अंक उछलकर 17,245.05 अंक पर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.83 फीसदी चढ़कर 24,616.87 अंक और स्मॉलकैप 0.12 फीसदी मजबूत होकर 28,778.04 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3518 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1656 में तेजी जबकि 1753 में गिरावट रही वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियों में लिवाली जबकि चार में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के दूरसंचार समूह की 0.78 फीसदी गिरावट को छोड़कर शेष 18 कंपनियों में लिवाली हुई। इस दौरान ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 2.08, इंडस्ट्रियल्स 1.02, आईटी 1.07, यूटिलिटीज 1.76, बैंकिंग 1.22, कैपिटल गुड्स 1.48, तेल एवं गैस 1.07 और पावर समूह में 1.88 प्रतिशत की तेजी रही।

विदेशी बाजारों में तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.96, जर्मनी का डैक्स 1.73, जापान का निक्केई 1.75, हांगकांग का हैंगसैंग 1.65 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.58 प्रतिशत चढ़ गया।

कारोबार की शुरुआत में करीब 477 अंक की तेजी के साथ 57,296.31 अंक पर खुला सेंसेक्स बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 56,936.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली होने से यह लगातार चढ़ता कारोबार के अंतिम चरण में 57,790.85 आंकने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 56,819.39 अंक की तुलना में 1.23 प्रतिशत मजबूत होकर 57,521.06 अंक पर रहा।

सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट के लिए निर्देश जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट के लिए सूचना सुरक्षा कार्यों, प्रक्रिया, रोकथाम, प्रतिक्रिया और साइबर घटनाओं की रिपोर्टिंग से संबंधित निर्देश जारी किए गये हैं जो 60 दिनों के बाद प्रभावी होंगे। इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पान्स टीम (सीईआरटी-इन) सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 70बी के प्रावधानों के अनुसार देश में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को करने के लिए राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करता है। सीईआरटी-इन लगातार साइबर खतरों का विश्लेषण करता है और पता लगाई गई घटनाओं को सौंपता है और उनकी जानकारी निकालता है। सीईआरटी-इन नियमित रूप से संगठनों और उपयोगकर्ताओं को अपने डेटा/सूचना और आईसीटी बुनियादी ढांचे की रक्षा करने में सक्षम बनाने के लिए सलाह जारी करता है। साइबर सुरक्षा घटनाओं के संबंध में प्रतिक्रिया गतिविधियों के साथ-साथ आपातकालीन उपायों के समन्वय के लिए, सीईआरटी-इन सेवा प्रदाताओं, मध्यस्थों, डेटा केन्द्रों और निकाय कॉरपोरेट से जानकारी मांगता है। साइबर घटनाओं से निपटने और हितधारकों के साथ बातचीत के दौरान, सीईआरटी-इन ने घटना विश्लेषण में बाधा उत्पन्न करने वाले कुछ मामलों की पहचान की है।

पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में जारी नरमी के साथ ही देश में गुरुवार को लगातार 22वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव का रूख बना रहा।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत गिरकर 103.84 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.63 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने पिछले 32 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

उमरान की रफ़्तार से सामने वाली टीम तार-तार हो रही है: आकाश चोपड़ा

मुम्बई (वार्ता)। पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक को अभी भारतीय टीम में शामिल करना जल्दबाजी होगी। वहीं न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान डैनियल वेटोरी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन का मानना है कि उन्हें टीम में शामिल कर लेना चाहिए। बुधवार को सनराइज़र्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच हुए मुक़ाबले में उमरान मलिक ने पांच विकेट झटक कर लगभग मैच बदल दिया था। इसके बाद वह फि र से सुर्खियों में हैं। मैच के बाद ईएसपीएनक्रिकइंफो टी20 टाइम आउट हिंदी कार्यक्रम के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा, उमरान के पास जो रफ़्तार है, उससे सामने वाली टीम तार-तार हो रही है। आगे उन्होंने उमरान की तेज गति पर बात करते हुए कहा, उनकी तेज़ गति सिर्फ़ बल्लेबाज़ की तकनीक की परीक्षा नहीं ले रही है, बल्कि उनके अहंकार को ठेस पहुंचा रही है।

आईसीआईसीआई बैंक ने एमएसएमई के लिए भारत का पहला कॉम्प्रिहेंसिव

मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने अन्य बैंकों के ग्राहकों सहित देश में सभी माइक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भारत का पहला व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम लॉन्च किया है। इकोसिस्टम के तीन प्रमुख स्तंभ हैं- ए) मौजूदा ग्राहकों के लिए बढ़ी हुई बैंकिंग सेवाएं, बी) ऐसे एमएसएमई के लिए बैंकिंग सेवाओं का एक गुलदस्ता, जो अन्य बैंकों के ग्राहक हैं, सी) सभी के लिए मूल्य वर्धित सेवाओं की एक पूरी रेंज। इंडस्ट्री के सबसे पहले सॉल्यूशंस प्रदान करने वाले इस इकोसिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें दूसरे बैंकों के ग्राहकों को भी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जबकि आम तौर पर बैंक केवल अपने ग्राहकों को ही सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। बैंक के ऐप 'इंस्टाबिज़' के नए संस्करण को डाउनलोड करते हुए कोई भी व्यक्ति आईसीआईसीआई बैंक के डिजिटल समाधानों का लाभ उठा सकता है। व्यवसायों के लिए एक सुपर ऐप 'इंस्टाबिज़' को गूगल प्लेस्टोर या एपल ऐप स्टोर अथवा बैंक के कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग (सीआईबी) प्लेटफॉर्म से डाउनलोड किया जा सकता है।

अक्षय तृतीया पर फोनपे की पेशकश

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आकर्षक ऑफर की घोषणा की जिसके तहत सोने और चाँदी की खरीद पर कैशबैक मिलेगा।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस फेस्टिव सीजन में फोनपे ऐप के जरिए खरीदे गए सोने और चांदी दोनों पर कैशबैक मिल रहा है। ग्राहक ऐप के माध्यम से 24कैरेट सोना खरीद सकते हैं और या तो इसे बैंक ग्रेड बीमाकृत लॉकर में जमा करने या बनाने के शुल्क के बिना जमा कर सकते हैं, या डिजाइन विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला से सोने के सिक्कों या बार के रूप में डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं। चांदी के सिक्के या बार खरीदने के इच्छुक ग्राहक 250 रुपये तक के कैशबैक पा सकते हैं।

फोनपे ऐप एमएमटीसी पीएएमपी अँैर सेफ गोल्ड दोनों से उच्चतम शुद्धता वाला सोना प्रदान करता है। चांदी के सिक्के और बार की पेशकश करने के लिए विशेष रूप से सेफगोल्ड के साथ करार किया गया है।

आलोचना...

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कॉमेंटेटर इयन बिशप का बयान

सैमसन अपनी अच्छी फॉर्म को बर्बाद कर रहे हैं : बिशप

मुम्बई (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को बल्लेबाजी करते देखना सुखद है, लेकिन यह निराशाजनक भी हो सकता है अगर वह अच्छे फॉर्म के बावजूद ग़लत ढंग से शॉट खेलकर आउट हो जाए। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कॉमेंटेटर इयन बिशप का मानना है कि सैमसन अपनी अच्छी फॉर्म को बर्बाद कर रहे हैं और इससे उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर भी प्रभावित हो सकता है, जहां वह सफल वापसी करने की कोशिश में लगे हैं।

मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ख़िलाफ हुए मैच में सैमसन जब बल्लेबाज़ी करने आए तो राजस्थान रॉयल्स का स्कोर 33 रन पर दो विकेट था। इसी स्कोर पर इन-फॉर्म जॉस बटलर भी चलते बने। सैमसन ने जो पहली गेंद खेली, वह गोली के रफ़्तार से प्वाइंट की दिशा में चार रन के लिए गई। इसके बाद तीसरी गेंद पर उन्होंने वनिंदु हसरंगा को एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छह रन के लिए दे मारा। शाहबाज़ अहमद पर लगातार दो छक्के मारने के बाद उनका स्कोर 12 गेंदों में 24 रन था। इसके बाद उन्होंने नौ गेंदें खेलीं, अपनी पारी को धीमा करते हुए सिर्फ तीन रन बनाया। तभी हसरंगा की एक गुगली गेंद को रिवर्स स्वीप करने के चक्कर में क्लीन बोल्ड हो गए। ऐसा तब था जब कुछ गेंद पहले ही वह हसरंगा को रिवर्स स्वीप करने के चक्कर में बुरी तरह बीट हुए थे।

बिशप ने कहा, यह सैमसन के लिए अच्छा मौक़ा था। जॉस बटलर के आउट होने के बाद वह अपनी टीम को एक बड़े स्कोर तक ले जा सकते थे। वह फॉर्म में भी थे। हसरंगा को वह पहले भी अच्छे से नहीं खेल पाए हैं, तो उनको इसका ध्यान रखना चाहिए था। मैं संजू सैमसन का फ़ैन हूं, लेकिन वह अपने शॉट सेलेक्शन से निराश करते हैं।

उल्लेखनीय है कि हसरंगा छह टी20 पारियों में सैमसन को पांच बार आउट कर चुके हैं। न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान डैनियल विटोरी भी बिशप से सहमत नज़र आए। उन्होंने कहा कई बार सैमसन चीज़ों को बहुत ज़ल्दी-ज़ल्दी में करना चाहते हैं।वेटोरी ने कहा, वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें कोई भी अपनी टीम में रखना चाहेगा। वह मैच-विनर हैं और किसी भी गेंदबाज़ को निशाना बना सकते हैं। इसके बावजूद वह अभी तक कुछ ख़ास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं। वेटोरी ने आगे कहा, जब वह खेलते हैं तो लगता है कि बल्लेबाज़ी कितनी आसान है। वह हमेशा नई चीज़ों को करने की कोशिश में लगे रहते हैं। उनके किताब में हर शॉट है। जब वह गेंदबाज़ के सिर के ऊपर से शॉट लगाते हैं तो सबसे बेहतरीन लगते हैं। उन्हें खेलते देखना आंखों के लिए सुखद है। लेकिन अच्छी शुरुआत के बाद भी जब वह ज़ल्दी आउट हो जाते हैं।

बेन स्टोक्स इंग्लैंड टेस्ट टीम के नए कप्तान बनाए गए

लंदन (वार्ता)। जो रूट के टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद इंग्लैंड की टीम को उसका नया कप्तान मिल गया है। हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स इंग्लैंड टेस्ट टीम के नए कप्तान होंगे। पांच वर्षों तक इंग्लैंड की टीम को बतौर कप्तान सेवा देने के बाद जो रूट ने इस्तीफ़ा दे दिया था। रूट के इस्तीफ़े के बाद ही उनके उत्तराधिकारी की तलाश थी।

बेन स्टोक्स इंग्लैंड के 81वें टेस्ट कप्तान होंगे। नए कप्तान के तौर पर उनका नाम इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने सुझाया था। जिस पर मंगलवार शाम इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी हामी भर दी। बेन स्टोक्स की नियुक्ति पर रॉब की ने कहा, मुझे इस रोल के लिए बेन को ऑफर करने में किसी प्रकार की झिझक महसूस नहीं हुई। इस टीम को रेड बॉल क्रिकेट में आगे ले जाने के लिए बेन स्टोक्स सबसे योग्य व्यक्ति हैं। मुझे इस बात कि खुशी है कि उन्होंने इस प्रस्ताव और सम्मान को स्वीकार लिया है। वह इस अवसर और दायित्व को डिज़र्व भी करते हैं।

स्टोक्स को एक ऐसी टीम की कमान मिली है, जिसने अपने पिछले 17 टेस्ट मैचों में सिर्फ़ एक मुक़ाबला ही जीता है। इतिहास में पहली बार इंग्लैंड की टीम लगातार पांच सीरीज़ में एक भी सीरीज़ जीत पाने में सफल नहीं रही है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 की तालिका में भी इंग्लैंड की टीम नीचे है।

सरपंच का भागीरथ प्रयास, जहां कभी नहीं पहुंचा नहर का पानी, वहां अब तालाब लबालब

■ किसानों ने निजी जमीन देकर बनवाई अस्थाई नहर, वाटर लेवल हुआ रिचार्ज, ग्रामीणों में उत्साह

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर ग्राम पंचायत कुरदी। यहां के सरपंच संजय साहू पंचायत व आसपास के गांवों में भागीरथी के नाम से जाने जा रहे। दरअसल, इसकी वजह, उनका भागीरथ प्रयास है... इतिहास में इस गांव में कभी नहीं हुआ उसे संजय साहू ने कर दिखाया है। जिस गांव में कभी नहर के पानी से निस्तारी की सुविधा नहीं मिलती थी। तालाब सूख जाते थे जिसके चलते कुरदी के तालाब सूखे रह जाते थे। बांध और तालाब खाली होते थे। इस साल भी यही स्थिति रह जाती। अगर सरपंच भागीरथ प्रयास कर गंगा की तरह उक्त नहर परियोजना के पानी को गांव के तालाब तक ना लाते। सरपंच संजय साहू के इस अनूठे प्रयास से पहली बार इस गांव में खरखरा का पानी गांव के बांध और तालाब में भर गया। जहां पहले सूखा था वहां अब लबालब नजारा है। इससे किसानों में भी जबर्दस्त उत्साह है। भू जल स्तर बढ़ा है। जो विगत दिनों नीचे चला गया था। इस गांव के सरपंच सहित 170 ग्रामीणों के प्रयास से यह संभव हुआ है। जो अब नहर का पानी गांव के तालाब में भर रहा है। तो इसमें सबसे अहम भूमिका उन 7 से 8 किसानों ने निभाई जिन्होंने अस्थायी नहर बनाने अपनी निजी जमीन पंचायत प्रशासन को सौंपी और उनकी जमीन को खोदकर नहर बनाकर पानी लाने का रास्ता दिया गया। सरपंच संजय साहू ने बताया कि कई घंटे तक दिन रात काम चला। हर घर से एक-एक आदमी ने इसमें श्रमदान किया तो 170 लोग नहर नाली बनाने और सफाई में जुटे रहे। जेसीबी का भी सहारा लिया गया। बांध भर चुका है। तालाब भी लबालब है। एक और तालाब को भरा जा रहा है। वह भी कल तक भर जाएगा। पिछले मंगलवार से यह काम चालू हुआ था।

योजना में शामिल नहीं था गांव

योजना के तहत निस्तारी के लिए पानी लेने में कुरदी पंचायत शामिल नहीं था। डूंडेरा तक इसका पानी हमेशा की तरह आना था। लेकिन जब सरपंच संजय साहू व किसानों ने पेशकश रखी कि हम भी अपने गांव के तालाब तक पानी लाना चाहते हैं और निस्तारी की समस्या दूर करना चाहते हैं तो अधिकारियों ने कहा कि वहां तक तो नहर ही नहीं पहुंची है। तो कैसे पानी देंगे। इस पर सरपंच और किसानों ने कहा कि हम अस्थाई नहर बना कर दिखाएंगे। फिर क्या था सरपंच और किसान जुट गए। निजी जमीन पर नहर खुदाई शुरू हो गई और देखते- देखते रास्ता बनते देख अफसरों ने भी हामी भर दी और कुरदी के तालाबों को भरने के लिए भी खरखरा मोहन्दी पाट नहर का पानी छोड़ दिया। किसान सहदेव वर्मा, सुखदेव वर्मा कुरदी सहित पूनमचंद डूंडेरा के किसानों ने भी अस्थाई नहर बनाने के लिए अपनी जमीन दी है।

खुदाई वाली जमीन फिर बनेंगे खेत

सरपंच ने किसानों सहित अफसरों को लिखित आश्वासन दिया है कि पानी पहुंचाने के बाद उनके खेतों में जो खुदाई हुई है उन्हें वापस भरकर खेत बना कर दिया जाएगा। ताकि वे आगामी सीजन में वहां खेती कर सके। कुरदी में पहली बार नहर पानी से तालाब भरने से किसानों में जमकर खुशी का माहौल है। गांव में वाटर लेवल बढ़ गया है। गांव वाले कह रहे हैं कि पहली बार किसी सरपंच के कार्यकाल में हमारे गांव में नहर का पानी पहुंचा है। इस भागीरथ प्रयास की आस पास के गांव में भी चर्चा हो रही है । जब रात में गांव में पहली बार नहर का पानी आया तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं था। अब गर्मी के 2 महीने ग्रामीणों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

चिटफंड कंपनी की 12 एकड़ कृषि जमीन होगी कुर्क

कवर्धा/नवप्रदेश। चिटफंड कंपनी आईडब्ल्यूसी मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों के नाम पंडरिया तहसील में स्थित लगभग 12 एकड़ कृषि भूमि की कुर्क की जाएगी। इसके संचालक अवकाश पाठक पिता क्रांति पाठक और उसकी पत्नी ज्योति पाठक हैं। शासन के गाइडलाइन के अनुसार कंपनी संचालकों के खिलाफ कलेक्टर रमेश शर्मा ने कार्यवाही करते हुए कुर्की आदेश जारी किया है। जिसका जल्द ही पालन किया जाएगा। दोनों ने कंपनी का रायपुर में कार्यालय खोला। पाठक दंपत्ती ने कंपनी का संचालन कंपनी का पंजीयन शर्तों का उल्लंघन करते हुए कर रहे थे। पाठक दंपत्ती ने आम उपभोक्ताओं को अधिक रकम देने के लिए निवेश कराया था। इसमें उन्होंने बताया कि पांच साल में निवेशकों की रकम दोगुनी कर दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और निवेशकों का करोड़ो रूपए डूब गए। इस संबंध में रायपुर क्षेत्र के निवेशकों ने राखी, भानसेज, सिटी कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत की थी। जिसमें पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। शासन के गाइडलाइन के अनुसार चिटफंड कंपनियों की संपत्ति की कुर्की करके संबंधित निवेशकों की राशि लौटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आईडब्ल्यूसी मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के संचालक अवकाश पाठक एवं उसकी पत्नी ज्योति पाठक के नाम ग्राम नवागांव कला, तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम स्थित 12.35 एकड़ जिसे कुर्क कर निवेशकों के रकम लौटाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसी प्रकार अवकाश पाठक और उनके रिश्तेदारों के नाम लगभग 13.078 हेक्टयर कृषि भूमि और स्थित है, जिसमें अभी सुनवाई जारी है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रेषित प्रकरण के आधार पर कलेक्टर न्यायालय एवं दंडाधिकारी ने छत्तीसगढ़ निपेक्षकों के हितों के संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7 के तहत कार्यवाही की है।

भक्त माता कर्मा संपूर्ण मानव जाति के लिए आदर्श : छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत रेवे में ग्रामीण इकाई साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त मां कर्मा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भक्त माता कर्मा बाल्यपन से ही होनहार थी। भगवान श्री कृष्ण के प्रति समर्पित थे, भक्त माता कर्मा की भक्ति से प्रसन्न होकर शाक्षात भगवान श्री कृष्ण माता कर्मा को दर्शन देने आये और माता कर्मा के हाथ से बना हुआ खिचड़ी भगवान श्रीकृष्ण ने खाये। भक्त माता कर्मा ने अपनी अनुपम भक्ति से अन्याय के विरूद्ध संघर्ष तथा ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास की शक्ति से परिचित कराया, भक्त माता कर्मा शक्ति एवं भक्ति की प्रतीक हैं। आजीवन शोषित पीड़ित एवं असहाय लोगों के हित के लिए कार्य करती रही, भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त माता कर्मा को साक्षात भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किए जो उनकी भक्ति की शक्ति को प्रदर्शित करता हैं। भक्त माता कर्मा साहू समाज ही नहीं संपूर्ण मानव जाति के लिए आदर्श है, छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज का महत्वपूर्ण योगदान हैं। साहू समाज मेहनत करने वाला और विकास की राह में आगे बढ़ने की समाज है, प्रदेश की सरकार भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह के बताए हुए मार्गो में चल रही हैं। प्रदेश में सबसे बड़ी संख्या में हमारे साहू समाज की है, साहू समाज के भाई-बहने बड़ी संख्या में निवास करते है, बड़े समाज होने के नाते सभी समाजो को सीखने को मिलता है, हमारे साहू समाज के भाई-बहन काफी मेहनती है, हर क्षेत्र में चाहे वह समाजीक क्षेत्र हो, धार्मिक क्षेत्र हो, चाहे वह राजनीतिक क्षेत्र हो चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र हो सभी क्षेत्रों में अपनी सेवा देते आ रहे है, साहू समाज को समाज सुधार की दिशा में अग्रणी करार देते हुए कहा कि समाज में सुधार के साथ-साथ प्रगति होनी चाहिए, साहू समाज प्रगतिशील समाज है संगठन के अलावा अनेक सामाजिक बुराइयों को दूर करने के साथ ही मितव्ययिता के लिए अनेक उदाहरण पेश किए हैं। सामाजिक एकता में अन्य शक्तियों से भी ज्यादा शक्ति होती है। इसलिए समाज को सदैव एकजुट रहना होगा। ताकि समाज निरंतर विकास की ओर अग्रसर होकर आर्थिक, राजनीतिक जैसे महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने में सफ्ल होशिक्षा और एकता ही समाज का उत्थान कर सकती हैं, साहू समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया है।

नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। थाना ठेलकाडीह क्षेत्रांतर्गत ग्राम के एक व्यक्ति ने थाना ठेलकाडीह में अपने नाबालिग पुत्री के 22 अप्रैल की रात्रि को गुमशुदा हो जाने व किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट थाना ठेलकाडीह में दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 363 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सतीश पुरिया के नेतृत्व टीम गठित कर नाबालिग अपहृता की पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया गया। सायबर सेल राजनांदगांव की मदद ली गई, जो ग्राम कविराजटोला थाना लालबाग में अपहृता व आरोपी के होने की संभावना पर रेड कार्यवाही कर अपहृता के आरोपी दिनेश्वर बघेल पिता संतलाल बघेल 21 वर्ष निवासी बिल्हरी थाना ठेलकाडीह के कब्जे से सकुशल बरामद कर पीड़िता को परिजनों को सौंपा गया तथा आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

चंदनू चौकी का उन्नयन कर थाना चंदनू के रूप में किया लोकार्पण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आम जनताओं की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से पुलिस चौकी चंदनू का उन्नयन कर पुलिस थाना चंदनू स्वीकृत किया गया जिसके तहत संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे, ओपी पाल पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज एवं विलास भोसकर संदीपान कलेक्टर एवं धर्मेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक बेमेतरा द्वारा चंदनू चौकी का उन्नयन कर थाना चंदनू के रूप लोकार्पण किया गया। संसदीय सचिव ने कहा कि थाना चंदनू का शुभारंभ होने से निश्चित तौर पर क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज व कलेक्टर एवं एसपी ने कहा कि चंदनू क्षेत्र में अपराध नियंत्रण करने हेतु एवं आम जनताओं की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से पुलिस चौकी चंदनू का उन्नयन कर पुलिस थाना चंदनू किया गया है। पुलिस थाना चंदनू के निर्माण में संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे का विशेष प्रयास रहा है। संसदीय सचिव द्वारा आम जनता की परेशानीयो का समाधान करने के उद्देश्य से शासन स्तर पर विशेष प्रयास कर पुलिस थाना चंदनू को स्वीकृत कराया गया। थाना उन्नयन के बाद कुल 50 ग्राम थाना चंदनू अंतर्गत शामिल किये गये है।

गरीब परिवार की बेटी की शादी में 11 हजार का शगुन देकर पार्षद ने निभाया अपना वादा

बालोद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद बालोद वार्ड नंबर 8 के पार्षद सुनील जैन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को पूरा करते हुए कन्या के विवाह पर 11 हजार रुपए वार्ड वासी व कन्या के पिता को विवाह मंडप पर दिए। ऐसे पुनीत कार्य को देखकर कन्या के पिता के आंखों में खुशी के आंसू आ गए। कन्या के परिवार जनों ने पार्षद को हृदय से आशीर्वाद दिया। जिस पर विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने भी पार्षद भाई सुनील जैन का आभार व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य व नेक कार्य की मंगल कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, पार्षद सुनील जैन, जोगेंद्र नाथ, योगी अनिल मूंदड़ा, संजय शर्मा, लक्की चांडक, यस गांधी भुवन उपस्थित थे। बता दें कि वार्ड में जो भी गरीब परिवार की बेटियां हैं उनकी जब शादी होती है तो अपने चुनावी घोषणा के मुताबिक यह पार्षद 11 हजार देने का वादा पूरा करते हैं। और इस बार भी उन्होंने अपना वादा निभाया। वे एक ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जिनकी कार्यशैली दूसरों से हटकर है। आमतौर पर लोगों की सोच होती है कि खासतौर से नेता चुनाव जीतने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं लेकिन बालोद शहर के उक्त वार्ड में ऐसे पार्षद भी हैं जिन्होंने चुनाव में खड़े होने से पहले अपने घोषणापत्र को स्टांप पेपर छपवाया था। उन घोषणाओं में कोई बड़े-बड़े वादे तो नहीं थे लेकिन ऐसा वादा था जिसने लोगों को काफी प्रभावित किया। यह वादा था वार्ड की गरीब बेटियों की शादी में मदद करने का। उन्होंने वार्ड में जिस किसी गरीब परिवार की बेटी की शादी होगी तो उन्हें 11 हजार रुपये देने की घोषणा की थी। तो साथ ही बेटियों के जन्म पर 51 सौ रुपए देने की भी बात कही थी। इस घोषणा के साथ चुनाव मैदान में उतरे। चुनाव भी जीते और उन घोषणाओं को हर साल अमल में ला रहे हैं। अब तक वे ऐसे कई बेटियों की शादी में सहयोग कर चुके हैं। उनके इस पहल से वार्ड वासी काफी खुश और प्रभावित हैं। तो साथ ही उनकी ये पहल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को एक नया रूप भी देती है। वार्डवासियों का कहना है कि ऐसे नेक सोच जनप्रतिनिधि होने चाहिए ताकि वार्ड का सार्थक विकास भी हो। पार्षद की इस पहल से वार्ड के हर परिवारों के बीच एक अपनापन सा रिश्ता भी बनता है। गरीब परिवार की बेटियों की शादी पैसों की तंगहाली से नहीं रुकती। बल्कि उन परिवारों को 11000 का सहयोग कर एक प्रमुख योगदान पार्षद सुनील रतनबोहरा के द्वारा दिया जाता है। इस तरह के बहुत कम जनप्रतिनिधि ही मिलते हैं। अन्य प्रतिनिधियों के लिए सुनील एक मिसाल है। सुनील जैन सहित उनके साथी मरार पारा के गणेश मंदिर समिति से भी जुड़े हुए हैं जोकि सेवा कार्य में जुटे रहते हैं और इन्हीं सेवा कार्यो ने उन्हें चुनाव के समय गरीब परिवार की बेटियों के लिए कुछ करने को प्रोत्साहित किया और उन्होंने चुनाव में खड़े होने से पहले बकायदा घोषणा पत्र भी छपवाया और अपने वादों को चुनाव जीतने के बाद पूरा भी किया। प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के पश्चात पार्षद सुनील जैन ने बताया कि इस वर्ष हमारे वार्ड में जितनी भी गरीब बेटियों की शादी होगी उन सभी के घर जाकर मंगल कामनाओं के साथ चुनावी घोषणा को निभाते हुए कन्या विवाह प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी एवं वार्ड में बेटियों के जन्म पर 51 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से लोगो को जागरूक करना भी हमारा मकसद रहेगा।

नाबालिग से छेड़छाड आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अंबागढ़ चौकी पुलिस ने महज 12 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर जेल का रास्ता दिखाया। 25 अप्रैल को थाना अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग पुत्री से आरोपी गलत नियत रखते हुए उसके मकान के छत में छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। अंबागढ़ चौकी प्रभारी कार्तिकेश्वर जांगड़े ने रिपोर्ट पर धारा 354, 354 (ख), 8 पॉक्सो एक्ट कायम कर आरोपी की पतासाजी के लिए टीम गठित कर अलग-अलग दिशाओं में रवाना किया गया। दौरान पतासाजी के मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी लुलेश्वर साहू पिता कलीराम साहू 22 साल निवासी सोनसायटोला को गिरफ्तार किया गया।

एल्यूमिनियम से खुल रहे नई संभावनाओं के द्वार

भारत के प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने साढ़े पांच दशकों की अपनी विकास यात्रा में उत्पादन, उत्पादकता, अनुसंधान एवं विकास, गुणवत्ता आदि क्षेत्रों में नए प्रतिमान तो गढ़े ही है, अपने से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े लोगों के जीवन को सामुदायिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के जरिए सकारात्मक रूप से बदल पाने की कोशिशों में भी सफलता पाई है। बालको की औद्योगिक यात्रा इतनी समृद्ध और गौरवमयी है कि उसका हर एक पल देश और छत्तीसगढ़ प्रदेश के औद्योगिक इतिहास की विरासत बन चुका है।

जहां तक एल्यूमिनियम उत्पादन की बात है तो भारत लगभग 4 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन के साथ दुनिया में दूसरे स्थान पर है। वेदांता समूह देश में लगभग 55 फीसदी एल्यूमिनियम का उत्पादन करता है। इसमें बालको का योगदान लगभग 15 फीसदी है। देश के उत्तरोत्तर विकास में भविष्य की धातु एल्यूमिनियम का रणनीतिक महत्व है। वजन के मुकाबले अधिक मजबूती, सहनशीलता एवं लचीलेपन, ताप और विद्युत के सुचालक, बार-बार 100 फीसदी रिसाइकल हो जाने जैसे गुणों के कारण इस धातु की मांग वैमानिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिकल वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन, विद्युत पारेषण, विनिर्माण आदि क्षेत्रों में निरंतर बढ़ रही है।

बाजार की मांग के अनुरूप वेदांता समूह और बालको ने विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिया है। इसी का परिणाम है कि प्राइमरी फाउंड्री एलॉय और और सिलेंडर हेड एलॉय जैसे उत्पादों का विकास किया गया जिनका प्रयोग ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज में किया जाता है। स्टील इंडस्ट्रीज के लिए देश में पहली बार एएलएसआई3 उत्पाद का विकास किया गया। वेदांता समूह द्वारा इन उत्पादों के विकास से पहले देश में इनका आयात किया जाता था। वेदांता समूह ने हाल ही में एडवांस्ड मेटलर्जिकल गुणों वाले हाइ स्पीड बिलेट का विकास किया है। इससे एक्सट्रूडर्स की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। वायर रॉड के मामले में बालको दुनिया का अग्रणी उत्पादक है। प्राइमरी एल्यूमिनियम उत्पादों के तौर पर बालको उत्पादित इनगॉट्स की बाजार में खूब मांग है। एल्यूमिनियम के विभिन्न उपकरण और सामग्रियों के निर्माता उद्योगों को इनगॉट्स की आपूर्ति की जाती है। बालको में स्थापित अत्याधुनिक मशीनें विश्वस्तरीय गुणवत्ता की रोल्ड प्रोडक्ट तैयार करती हैं जिससे देश की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं, ऑटोमोबाइल एवं पैकेजिंग उद्योग लाभान्वित होते हैं। इंसुलेशन, बस बार और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के निर्माण क्षेत्र में बालको के एल्यूमिनियम का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है।

विश्वस्तर पर एल्यूमिनियम की सर्वाधिक खपत भारत और चीन में होती है। कोविड से पूर्व तक खपत दर में बढ़ोत्तरी लगभग 10 फीसदी के आसपास थी। लगभग एक दशक में ही भारत में एल्यूमिनियम की खपत 2.2 मिलियन टन से बढ़कर 4 मिलियन टन तक पहुंच गई है। विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती मांग को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि वर्ष 2025 तक देश में एल्यूमिनियम की मांग आज के मुकाबले दोगुनी हो जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के लिहाज से देखें तो इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य पहले ही एडवांटेज की स्थिति में है। यदि प्रदेश में ही एल्यूमिनियम उद्योग की बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज को तेजी से प्रोत्साहन देने की कार्ययोजना बनाई जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एल्यूमिनियम क्षेत्र में ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर बनेंगे। राज्य से बड़े पैमाने पर प्रसंस्करित एल्यूमिनियम उत्पाद देश के दूसरे राज्यों के अलावा दुनिया भर में पहुंचेगे जिससे छत्तीसगढ़ को मिलने वाले राजस्व में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी।